सावन, मास , वर्ष-10, अंक 127, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज, गुरुवार 25 जुलाई, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

कौशलं बलम्

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियों का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association


JEEVAN EXPRESS NEWS

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**

Enjoy Publicity



प्रदेश आस/पास



## केरला विश्वकर्मी समाज के साथ अहम बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** नवम्बर माह में विश्वकर्मा सम्मेलन लखनऊ व



फरवरी माह में होने वाले विश्वकर्मा महासम्मेलन दिल्ली के संम्बंध में बैठक कर बिचार विमर्श। विश्वकर्मा महासभा के सभी माननीय प्रदेश अध्यक्ष अभी से अपने जिला अध्यक्ष को निर्देशित कर अवगत कराएं हर जनपद से 100 विश्वकर्मा वालंटियर फोर्स जिनकी उम्र लगभग 18 वर्ष से 50 वर्ष हो सूची तैयार कर राष्ट्रीय कार्यालय में देने का कष्ट करें। जिससे विश्वकर्मा समाज पर हो रहे उत्त्पीड? के खिलाफ अपनी आवाज उठा सकें। और विश्वकर्मा समाज के हक अधिकार की लड़ाई लड़ी जा सके। केरल से आये श्री दास विश्वकर्मा जी ,श्री वीनू विश्वकर्मा जी ,श्री सदाशिव विश्वकर्मा जी ,श्री अनूप विश्वकर्मा जी साथ मे विश्वकर्मा समाज के पुरोधा श्री राजशेखर जी विश्वकर्मा उधोगपति आन्द्रप्रदेश,श्री बंगारू बाबू विश्वकर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विश्वकर्मा महासभा ,श्री दिवाकर विश्वकर्मा राष्ट्रीय महासचिव विश्वकर्मा महासभा, श्री दिनेश वत्स विश्वकर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, श्री वीरेंद्र वर्मा स्वर्णकार एडवोकेट, श्री पंकज वर्मा स्वर्णकार ,श्री बाबीन विश्वकर्मा उद्योगपति ,श्री उमेश विश्वकर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, श्री राहुल विश्वकर्मा जिलापंचायत सदस्य, श्री भानू विश्वकर्मा वरिष्ठ नेता, इंजीनियर विपुल विश्वकर्मा ,आदि लोग उपस्थित रहे।

## घर नहीं पहुंचा जेल से फरार कैदी, रिश्तेदार उठाया गया, गिरफ्तारी के लिए लगीं चार टीमें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** कैदी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं। इनमें से एक टीम ने भोर में कैदी के महोबा के नगर कोतवाली क्षेत्र के पसवारा मोहल्ले में स्थित घर पर दबिश दी। वहां वह तो नहीं ही मिला, उसकी पतनी भी गायब थी। केंद्रीय कारागार नैनी से फरार हुआ सामूहिक दुष्कर्म का दोषी कैदी कालीचरण उर्फ बउवा महोबा स्थित अपने घर नहीं पहुंचा। पुलिस की एक टीम ने वहां दबिश दी तो वह वहां नहीं मिला। उसकी पतनी भी गायब थी। फिलहाल उससे जेल में अक्सर मिलने वाले रिश्तेदार को पुलिस ने उठाया है। उसकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जा रही है। कैदी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं। इनमें से एक टीम ने भोर में कैदी के महोबा के नगर कोतवाली क्षेत्र के पसवारा मोहल्ले में स्थित घर पर दबिश दी। वहां वह तो नहीं ही मिला, उसकी पतनी भी गायब थी। पुलिस ने पूछा तो पता चला कि वह रिश्तेदार के घर गई है। फिलहाल घरवालों का यही कहना है कि कालीचरण वहां नहीं पहुंचा है।इसके बाद पुलिस उसके रिश्तेदार के घर पहुंची। यह रिश्तेदार जेल में कैदी से मिलने अक्सर आया करता था। हालांकि, उसने भी कोई जानकारी होने से



इन्कार किया। फिलहाल पुलिस उसकी निशानदेही पर अलग-अलग जगहों पर दबिश दे रही है। पुलिस को उसके एक दिल्ली के ठिकाने की भी सूचना मिली है, ऐसे में एक टीम वहां भी भेजी गई है। एक टीम को नैनी जेल के चारों तरफ आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने का काम सौंपा गया है। फिलहाल देर रात तक उसका कुछ पता नहीं चल सका था। डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि उसकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं। जो उसके हर संभावित ठिकाने पर दबिश दे रही हैं।केंद्रीय कारागार नैनी में शनिवार को बाग कमान के लिए निकला कैदी कालीचरण उर्फ बऊवा कैसे फरार हुआ यह जेल प्रशासन के लिए अनसुलझी पहेली बन गई है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी जेल प्रशासन के अधिकारी अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर सके कि वह कैसे फरार हुआ। हालांकि, जेल प्रशासन का दावा है कि वह बाहरी दीवार फांदकर फरार हुआ है। अब सवाल यह उठता है कि जेल की बाहरी दीवार 20 मीटर ऊंची है, ऐसे में उसने कैसे दीवार फांदी। मामले में मुख्य वार्डर समेत चार जेलकर्मी निलंबित किए जा चुके हैं। किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 26 जुलाई 2023 को 20 साल की कैद और 32 हजार अर्थदंड की सजा सुनाए जाने के बाद बीते नौ मार्च को उसे केंद्रीय कारागार नैनी में निरुद्ध किया गया था।

## करेली में बेटे ने ही की थी मां की हत्या, रोज-रोज के तानों से तंग आकर उठाया खौफनाक कदम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** कलयुगी बेटे ने ही करेली में मां की हत्या की थी। रोज रोज के तानों से तंग आकर उसने खौफनाक कदम उठा लिया। आरोपी ने पुलिस ने बताया कि घटना वाले दिन मां ने उसकी पिटाई की थी। इससे गुस्से में आकर उसने मसाला कूटने वाले खल के बट्टे से



मां की कूंच-कंचकर हत्या कर दी। उसके खुलासे से पुलिस भी दंग रह गई। करेली थाना क्षेत्र के भावापुर में महिला की हत्या व लूटपाट की घटना के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार बेटे सचिन पाल ने ही अपनी मां की हत्या की थी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने आरोप कुबुल कर लिया। सचिन ने पुलिस को बताया कि रोज-रोज के ताने से तंग आकर उसने ही मां की हत्या की है। आरोपी ने बताया कि हत्या करने से कुछ देर पहले ही मां ने उसकी पिटाई की थी। गुस्से में आकर उसने मसाला कूटने वाले खल के बट्टे से हमला कर मां को मौत के घाट उतार दिया। उसके खुलासे के बाद पुलिस भी हैरान रह गई। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को मीडिया के सामने पेश किया। करेली थाना क्षेत्र के भावापुर मोहल्ले में रविवार रात सनसनीखेज वारदात को अंजाम देते हुए एक महिला की हत्या कर दी गई थी। यहां महिला की हत्या कर बदमाश 15 लाख नकद और पांच लाख के गहने लूट ले गए थे। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। शाम को बेटे के घर वापस आने के बाद घटना की जानकारी हुई। मुहल्ले में दो दिन से घूम-घूमकर चंदा मांगने वाले दो युवक पर शक की सुई गई थी। मनीराम पाल मूल रूप से कानपुर के बिल्हौर के रहने वाले हैं। वह हाईकोर्ट के पास फोटोस्टेट की दुकान चलाते हैं और परिवार के साथ करेली के नयापुरवा मोहल्ले में किराए के मकान में रहते हैं। घर में पतनी सुभद्रा (54) के अलावा बड़ा बेटा योगेश है। बहू 15 दिन पहले मायके चली गई थी, जबकि छोटा बेटा इन दिनों गांव में ही है। सचिन भावापुर चौराहे पर स्टेशनरी की दुकान चलाता है।करेली के भावापुर में सुभद्रा देवी की हत्या उसके बेटे सचिन पाल ने ही की थी। वह घर से कुछ दूरी पर फोटोस्टेट की दुकान चलाता है। हत्या के खुलासे के लिए पांच टीमें बनाई गई थीं। परिजनों से पूछताछ के आधार पुलिस कुछ दिन से मुहल्ले में चंदा मांगने के लिए घूम रहे युवकों को खोज रही थी। कुछ युवकों पुलिस ने हिरासत में भी लिया था, लेकिन घटना का खुलासा जब हुआ तो सभी हैरान रह गए। पुलिस के मुताबिक, सचिन ने पूछताछ में बताया कि घटना के दिन वह खाना खाने के बाद घर पर आराम कर रहा था। पिताजी काम के सिलसिले में बाहर गए थे। हाईकोर्ट के पास उसकी फोटो स्टेट की दुकान है और वह सादे पेपर का बिजनेस करता है। वह कमरे में आराम कर रहा था तभी मां से काम पर जाने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर मां ने उसे थप्पड़ मार दिए। इसी से आक्रोशित होकर उसने कमरे में ही रखे लोहे के मूसल से मां के सिर पर कई बार वार कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गई और कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। उसने व्यापार के लिए 6.50 लाख रुपये उधार लिए थे और करीब 2.50 लाख रुपये शेयर मार्केट में गंवाए थे। मां की हत्या के बाद उसने जानबूझकर कमरे का सारा सामान फैला दिया जिससे यह लगे कि लूट करके हत्या की गई है। इसके बाद वह दुकान जाने के बहाने निकला और हाईकोर्ट के पास घटना में प्रयुक्त मूसल को चुपके से ले जाकर झाडि़यों में फेंक दिया। वारदात की सूचना पर पुलिस के घर पहुंचने पर सचिन ने बताया कि रोज की तरह सुबह साढ़े नौ बजे पिता दुकान चले गए। 12.30 बजे वह भी दुकान चला गया। इस दौरान मां घर पर अकेली थी। शाम छह बजे जब वह घर वापस आया तो मेन गेट बंद तो था, लेकिन भीतर से कुंडी नहीं लगी थी। वह जैसे ही अंदर गया उसकी चीख निकल गई। मां बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थी और सारा सामान बिखरा हुआ था। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए और फिर जानकारी पाकर पुलिस पहुंच गई। सुभद्रा की हत्या की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम ने भी पहुंचकर छानबीन की। पुलिस का खोजी कुत्ता घर अंदर गया। सभी कमरों में घूमते हुए वह बाहर भी आसपास सूंघता रहा, लेकिन कातिल वहीं मौके पर मौजूद था। खोजी कुत्ता कातिल की पहचान नहीं कर सका।

## मास्टर माइंड राजीव नयन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, जमानत याचिका मंजूर जेल से नहीं निकल पाएगा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।**आरओ एआरओ पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीव नयन की जमानत याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट से मंजूर हो गई है। उसके खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। एक



दिन पहले कौशाम्बी पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की है। उसे जमानत तो जरूर मिल गई है, लेकिन वह जेल से बाहर नहीं आ सकेगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका मंजूर कर ली है। आरओ-एआरओ पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीवन नयन को बुधवार को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। राजीव नयन यूपी पुलिस सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले का भी मास्टरमाइंड रहा है। उसे प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामले में जमानत मिली है। जमानत मिलने के बाद भी वह जेल से बाहर नहीं आ सकेगा।दो मार्च को यूपी लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में राजीव नयन मिश्रा का नाम मास्टरमाइंड के रूप में सामने आया था। 11 फरवरी को आरओ-एआरओ परीक्षा आयोजित की गई थी। राजीव नयन मिश्रा को मेरठ, नोएडा और कौशांबी में दर्ज मामलों में पहले ही इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। वहीं कौशांबी पुलिस ने आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा समेत 23 सदस्यों पर गैंगस्टर लगा दिया है।

## महाकुंभ में नया नियमः पहचान पत्र लेकर आएं लोग, अखाड़ा परिषद की योगी सरकार से मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर अखाड़ा परिषद ने एक अलग मांग की है। महाकुंभ




में ढोंगियों को रोकने के लिए पहचान पत्र बने। अखाड़ा परिषद के महामंत्री ने कहा कि सरकार महाकुंभ में संतों-कल्पवासियों को नेम प्लेट जारी करे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने महाकुंभ में आने वाले सभी संतों, कल्पवासियों को पहचान पत्र जारी करने का सरकार को सुझाव दिया है। अखाड़ा परिषद के महामंत्री और पंचदशनाम जूना अखाड़े के संरक्षक महंत हरि गिरि ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार को 13 जनवरी 2025 से शुरू हो रहे महाकुंभ में आने वाले सभी लोगों के लिए पहचान पत्र लाना अनिवार्य कर देना चाहिए। ताकि, बाबाओं और कल्पवासियों की आड़ में पाखंडियों और धर्म विरोधी तत्वों का प्रवेश रोका जा सके। महंत हरि गिरि ने अमर उजाला से बातचीत में कहा कि कई बार लोग फर्जी पहचान पत्र भी बनवा लेते हैं। इसलिए आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड या दूसरे पहचान पत्र की कॉपी को किसी गैजेटेड अफसर, पार्षद, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव या किसी सक्षम अधिकारी से प्रमाणित कराकर लाना अनिवार्य किया जाना चाहिए।










# देश/विदेश





# भारत

## संक्षिप्त समाचार

### टैक्स घटते ही 4 हजार रुपये सस्ता हो गया सोना, बजट के बाद चांदी का भी घटा दाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बीते दिन देश में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देशवासियों को एक बड़ी सौगात दी है। देश में सोने और कीमती




धातुओं के आभूषणों में घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देते हुए सोना-चांदी पर सीमा शुल्क घटाने का एलान हुआ। सोने और चांदी पर सीमा शुल्क को घटाकर 6 प्रतिशत करने की घोषणा हो चुकी है। बता दें, सोना-चांदी पहले बजट से पहले 15 प्रतिशत की कस्टम ड्यूटी लग रही थी। इसी के साथ देश में एकाएक सोना 4 हजार रुपये सस्ता हो गया है। वहीं, चांदी की कीमत में भी 4000 रुपये की कमी आई है।की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक, 1 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 24 जुलाई को 6919 रुपये पर आ गई है। इस आर्टिकल में सोना और चांदी की कीमत को लेकर ही जानकारी दे रहे हैं, यहां हम बजट से पहले यानी 22 जुलाई, बजट पेश होने वाले दिन 23 जुलाई और बजट के बाद 24 जुलाई को सोना-चांदी की कीमत बता रहे हैं देश में सोने और कीमती धातुओं के आभूषणों में घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देते हुए सोना-चांदी पर सीमा शुल्क घटाने का एलान हुआ। सोने और चांदी पर सीमा शुल्क को घटाकर 6 प्रतिशत करने की घोषणा हो चुकी है। बता दें सोना-चांदी पहले बजट से पहले 15 प्रतिशत की कस्टम ड्यूटी लग रही थी। इसी के साथ देश में एकाएक सोना 4 हजार रुपये सस्ता हो गया है। बजट से पहले यानी 22 जुलाई को चांदी की कीमत 88983 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं, बजट के बाद यानी 24 जुलाई को चांदी की यही कीमत घटकर 84919 रुपये हो गई। चांदी की कीमत में 4064 रुपये की कमी आई है।

## कबूतर पकड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा 12 साल का बच्चा, करंट लगने से हुई मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में एक लड़के की बिजली के खंभे के खंभे पर चढ़ा और खुद करंट की चपेट में आ गया। कबूतर की भी मौके पर ही मौत हो गई और



पर चढ़ने से मौत हो गई। दरअसल वो हाईटेंशन बिजली के तारों में फंसे एक कबूतर को बचाने के लिए बिजली के खंभे पर चढ़ रहा था, इस दौरान उसे करंट लगा और उसकी मौत हो गई। यह घटना बुधवार को हनुमापुरा गांव में हुई और मृतक की पहचान छठी कक्षा के छात्र 12 साल के रामचंद्र के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, लड़के ने बिजली के खंभे पर हाईटेंशन तारों के बीच फंसे हुए कबूतर को संघर्ष करते देखा। इस दौरान बच्चा कबूतर को बचाने के लिए पेड़ पर चढ़ गया। बच्चा कबूतर को बचाने के लिए बिजली उसका शव खंभे पर लटक गया। रामपुरा पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में अभी और जानकारी सामने आना बाकी है। कर्नाटक में इससे पहले एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ था। राज्य के हावेरी जिले में पुणे-बेंगलुरु नेशनल हाइवे पर एक सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। टैम्पो ट्रैवलर पुणे-बेंगलुरु नेशनल हाइवे से गुजर रहा था। इसके बाद उसने हाइवे पर पार्क लॉरी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। ये हादसा जिले के बागडी तालुक के गुंडेनहल्ली क्रॉस के पास हुआ। इस सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मौत हो गई थी।

## मोहम्मद मुइज्जू को बड़ा झटका, भारत ने 300 करोड़ घटाया बजट; भूटान के विकास पर सर्वाधिक खर्च

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट में भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप भूटान को विकास संबंधी मदद के रूप में सर्वाधिक 2068 करोड़ रुपये आवंटित किये गये, जबकि मालदीव पर खर्च की जाने वाली राशि को पिछले साल के 770 करोड़ से घटाकर 400 करोड़ कर दिया गया है। मालदीव को आंवटित की जाने वाली राशि में कटौती ऐसे समय में की गई है जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मोहम्मद मुइज्जू के द्विपीय देश का राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में तनाव आया गया है। बजट में विदेश मंत्रालय (एमईए) को इस वित्त



वर्ष के लिए कुल 22,154 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जबकि पिछले साल का आवंटन 29,121 करोड़ रुपये था। संसद में फरवरी में पेश किए गए अंतरिम बजट में विदेश मंत्रालय को समान आवंटन किया गया था। अंतरिम बजट में मालदीव को विकास के मद में दी जाने वाली सहायता राशि 600 करोड़ रुपये आंकी गई थी। बजट दस्तावेज के अनुसार, अब मालदीव को किया गया आवंटन केवल 400 करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2024-25 में भूटान के लिए आवंटित राशि 2068 करोड़ रुपये है, जबकि पिछले साल यह राशि 2398 रुपये थी।

## राहुल गांधी आज किसान नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से करेंगे मुलाकात, संसद भवन में होगी बैठक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को सात किसान नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए



सूत्रों ने कहा कि बैठक सुबह करीब 11 बजे संसद भवन में होगी। एएनआई के मुताबिक, सूत्रों ने कहा कि किसान नेता राहुल गांधी से अपनी लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए एक प्राइवेट मेंबर बिल लाने के लिए कहेंगे। इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं ने सोमवार को घोषणा की थी कि वे पूरे देश में मोदी सरकार के पुतले जलाएंगे और एमएसपी गारंटी को कानूनी बनाने की अपनी मांगों को पूरा करने के लिए एक नया विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।वहीं, किसानों एक बैठक में फैसला लिया है कि वह प्रदर्शनकारी किसान 15 अगस्त को देश भर में ट्रैक्टर रैली निकालेंगे, जब देश स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। वे नए आपराधिक कानूनों की प्रतियां भी जलाएंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के नेताओं ने यह भी कहा कि किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च 31 अगस्त को 200 दिन पूरे कर लेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) एक सितंबर को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक मेगा रैली करेंगे। एक रैली 15 सितंबर 2024 को हरियाणा के जींद जिले में होगी और दूसरी रैली 22 सितंबर 2024 को पिपली में होगी।फरवरी में, किसान यूनियनों की घोषणा के बाद हरियाणा सरकार ने अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरिकेड्स लगा दिए थे कि किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिनन मांगों के समर्थन में दिल्ली तक मार्च करेंगे।

## बजट के विरोध में प्रदर्शन करेगा आइएनडीआइए, मल्लिकार्जुन खरगे के घर हुई बैठक में बनी सहमति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने फैसला किया कि वह बुधवार को केंद्रीय बजट में विपक्ष शासित राज्यों के साथ



किए गए भेदभाव को लेकर संसद के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर मंगलवार शाम आइएनडीआइए के घटक दलों के नेताओं की बैठक में यह फैसला लिया गया। ये नेता करेंगे विरोध प्रदर्शन बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, राकांपा प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत, तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक-ओ-ब्रायन और कल्याण बनर्जी, द्रमुक के टीआर बालू, जेएमएम की महुआ माझी, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा और संजय सिंह, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश, माकपा के जान ब्रिटास समेत कई नेता शामिल हुए।वेणुगोपाल ने बैठक के बाद कहा कि इस साल के केंद्रीय बजट ने बजट की अवधारणा को पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने अधिकांश राज्यों के साथ पूरी तरह से भेदभाव किया है। इसलिए आइएनडीआइए बैठक में यह आम सहमति थी कि हमें इसका विरोध करना चाहिए। बाद में एक्स पर पोस्ट में वेणुगोपाल ने कहा- ''आज पेश किया गया केंद्रीय बजट बेहद भेदभावपूर्ण और खतरनाक था, जो संघवाद और निष्पक्षता के सिद्धांतों के एकदम खिलाफ है, जिसका कि केंद्र सरकार को पालन करना चाहिए।'' विरोध में कांग्रेस के मुख्यमंत्री 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का भी बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि इस सरकार का रवैया संवैधानिक सिद्धांतों के बिल्कुल विपरीत है।कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया कि बजट ने उन राज्यों को अंधकारमय बना दिया है जहां गैर-भाजपा सरकारें हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हम इस संबंध में कल संसद में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## बजट में ई-कोर्ट परियोजना के लिए मिले 1500 करोड़ रुपये, अदालती रिकॉर्ड एवं पुराने और लंबित दोनों तरह के मामलों का होगा डिजिटलीकरण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कानून मंत्रालय की ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण 2038.40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सभी अदालती रिकॉर्ड एवं पुराने और लंबित दोनों के हिसाब से 25 पेटाबाइट स्टोरेज की अनुमानित लागत 1,205.20 करोड़ रुपये होगी। परियोजना का



के लिए बजट में 1,500 करोड़ रुपये के प्रविधान किए गए हैं। परियोजना के तीसरे चरण में निचली अदालतों के डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल सितंबर में 7,210 करोड़ रुपये आवंटन के साथ ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी दी थी। लू 2024 कानून मंत्रालय की ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिए बजट में 1500 करोड़ रुपये के प्रविधान किए गए हैं। चार वर्षों में लागू होने वाले तीसरे चरण में तरह के मामलों का डिजिटलीकरण होगा। इससे कुल 3108 करोड़ दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। चार वर्षों में लागू होने वाले तीसरे चरण में 2,038.40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सभी अदालती रिकॉर्ड एवं पुराने और लंबित दोनों तरह के मामलों का डिजिटलीकरण होगा। इससे कुल 3,108 करोड़ दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। तीसरे चरण के तहत सिस्टम को 'क्लाउड तकनीक' पर स्थानांतरित किया जाएगा और मौजूदा जरूरतों उद्देश्य एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाकर मामलों की सुनवाई के लिए वर्चुअल कोर्ट को स्थापित करना और उसका विस्तार करना है। सूत्रों ने कहा था कि 1,150 वर्चुअल कोर्ट की स्थापना के लिए 413.08 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के तहत भारतीय न्यायपालिका को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सक्षम बनाने के लिए ई-कोर्ट परियोजना 2007 से लागू किया गया है। परियोजना का दूसरा चरण पिछले साल संपनन हुआ।

## अराजकता और अशांति फैलाने की कोशिश, राहुल गांधी और विपक्ष मांगे माफी'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नीट-यूजी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि बच्चों व अभिभावकों को गुमराह करने और देश की पूरी परीक्षा यूजी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद पत्रकारों से चर्चा में कहा कि चुनाव के समय से ही राहुल गांधी अराजकता व समाज में अशांति फैलाने के षडयंत्र में लगे है। यह उनकी राजनीति का एक हिस्सा भी रहा है। चुनावों में हार के बाद भी वह ऐसी



प्रणाली को उन्होंने जिस तरह से निंदित किया है, उसके लिए उन्हें बच्चों- अभिभावकों के साथ पूरे शिक्षण समाज से माफी मांगनी चाहिए। मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सत्यमेव जयते सत्य की जीत हुई। केंद्र सरकार कहती रही है कि बड़े पैमाने पर पेपर लीक नहीं हुआ है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे सही ठहराया है। मंगलवार को नीट-यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा दोबारा नहीं होगी। धर्मेंद्र प्रधान ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को उन्होंने ऐतिहासिक बताया। शिक्षा मंत्री ने मंगलवार को नीट- गतिविधियों में लगे हुए है। एक सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और वाद-विवाद अलग हो सकती है, लेकिन देश के विद्यार्थी सभी के होते है। वह किसी पार्टी के नहीं होते है। प्रधान ने कहा कि मैंने सोमवार को लोकसभा में भी राहुल गांधी के बेतुके सवालों का जवाब दिया था और बताया था कि मेरी सरकार ने परीक्षाओं में शुचिता लाने के लिए जो कदम उठाए है, उसकी जानकारी तो मैंने दी है। अब वह बताए कि उन्होंने इस दिशा में क्या किया। किन कारणों से उनकी सरकार ने परीक्षा में सुधार से जुडे तीन बिल को पारित नहीं होने दिया।

## आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में होगा सुधार, केंद्र सरकार ने की जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की घोषणा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में रुपये आवंटित किए हैं।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में अपने बजट भाषण के दौरान कहा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए आवंटन 2023-24 के 2,959.43 करोड़ रुपये से



अपने बजट भाषण के दौरान कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों को विकास के दायरे में लाना है। इसमें 63,000 आदिवासी गांवों को शामिल किया जाएगा, जिससे पांच करोड़ आदिवासियों को लाभ होगा। सरकार ने बजट में जनजातीय मामलों के मंत्रालय को 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। सरकार ने देश में आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री जनजातीय उनन्त ग्राम अभियान की घोषणा की। सरकार ने बजट में जनजातीय मामलों के मंत्रालय को 13000 करोड़ कि कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों को विकास के दायरे में लाना है। दूरदराज के क्षेत्रों में आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए 6,399 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। हालांकि, अनुसूचित जनजाति छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप और छात्रवृत्ति के लिए बजटीय आवंटन 2023-24 के 230 करोड़ रुपये के मुकाबले घटकर 2024-25 में 165 करोड़ रुपये हो गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और बढ़ाकर 2024-25 में 6,611.69 करोड़ रुपये कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के लिए वित्तीय सहायता 2023-24 के 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2024-25 में 1,000 करोड़ रुपये कर दी गई है। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, कौशल विकास और रोजगार-सह-आय सृजन जैसे क्षेत्रों में अंतराल को पाटने के लिए आदिवासी लोगों के विकास और कल्याण के लिए अधिसूचित एसटी आबादी वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को धन प्रदान किया जाता है।

## पिछले साल 68 लोगों की मौत दुखद है नेपाल में हवाई दुर्घटनाओं का इतिहास1992 का विमान हादसा था सबसे भयावह

**काठमांडू।** बुधवार को काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शोर्य एयरलाइंस का विमान उड़ान





भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हुई है। टीआईए के प्रवक्ता सुभाष झा ने बताया कि पोखरा जाने वाले विमान के उड़ान भरने के दौरान रनवे से बाहर निकल जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 19 लोग सवार थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना स्थल से अठारह शव बरामद किए गए हैं। बता दें कि इस देश में घातक हवाई दुर्घटनाओं का दुखद इतिहास रहा है। बुधवार की दुर्घटना से पहले, साल 2000 से अब तक देश में 19 हवाई दुर्घटनाएं हो चुकी है। नेपाल में हुए विमान और हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर आइये डालते है एक नजर.. नेपाल की राजधानी काठमांडू से उड़ान भरते समय बॉम्बाडिय्यर ऐंव् 200 विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से विमान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। मध्य नेपाल में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई थी। सोलुखुनवु जिले से रवाना हुए इस हेलिकॉप्टर में पांच मैक्सिकन नागरिक और एक नेपाली पायलट सवार थे। नेपाल की यति एयरलाइंस द्वारा संचालित 72 लोगों को ले जा रहा एक ट्विन-इंजन एटीआर 72 विमान पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस विमान में सवार सभी लोग मारे गए थे। यह 1992 के बाद से देश में सबसे भीषण हवाई दुर्घटना थी। 1992 में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस का विमान काठमांडू में उतरने की कोशिश करते समय एक पहाड़ी से टकरा गया था, जिसमें सवार सभी 167 लोग मारे गए थे। काठमांडू से 125 किलोमीटर (80 मील) पश्चिम में पोखरा से उड़ान भरने के 15 मिनट बाद डे हैविलैंड कनाडा 3ऻ-6-300 ट्विन ओटर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस विमान में सवार 16 नेपाली, चार भारतीय और दो जर्मन नागरिकों की मौत हो गई थी।

मिर्ज़ापुर सोनभद्र







# तालाब के भीटे पर अवैध कब्जा हटाने को निर्देश: रूबी प्रसाद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित रामसरोवर तालाब का निरीक्षण बुधवार को नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद व अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव द्वारा किया गया जिसमें तालाब के बेटे पर अवैध अतिक्रमण को लेकर संबंधितों को कड़े दिशा निर्देश दिए गए ।अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया की भिटे पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर घर व मकान बना लिया गया है अतिक्रमण के कारण सुंदरीकरण का कार्य प्रभावित हो रहा है और नाली का पानी तालाब में बहाया जा रहा है इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी विजय कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर जल्द से जल्द तालाब के भिटे को कब्जा मुक्त कराए इस दौरान वहां घर बना कर रह रहे लोगों ने अध्यक्ष से गुहार लगाई की हम लोग काफी वर्षों से रह रहे हैं अगर हम लोगों को हटा दिया जाएगा तो हम लोग कहां जाएंगे इस पर अध्यक्ष ने काशीराम आवास में आवास दिलवाने का भरोसा दिलाया कहा की तालाबों पोखरों पर अतिक्रमण ठीक नहीं है कार्य में बाधा उत्पनन होती है सरकार का मंशा भी है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न होने पाए नगर पालिका कमिर्यों को इस संबंध में दिशा निर्देश दियाअवसर पर तालाब पर भ्रमण के दौरान तालाब के भीटों पर अतिक्रमण करने वाले एवं तालाब पर गन्दगी फैलाने वालो से स्वेच्छा से अपना एक सप्ताह के अन्दर अतिक्रमण हटाने के लिए अध्यक्ष द्वारा कहा गया एवं हिदायत दी गयी कि यदि एक सप्ताह के अन्दर तालाब के भीटों पर से अतिक्रमण स्वेच्छा से नही हटाया गया तो अतिक्रमण कर्ताओं/गंदगी फैंलाने वालों को नियमानुसार चिन्हित कराते हुए प्रषासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित अतिक्रमण कर्ताओं की होगी। उक्त अवसर पर अधिशासी अधिकारीविजय कुमार यादव भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह सभासद अनवर अली मनोज कुमार चौबे के साथ ही कर्मचारीगण मौजूद थे।



# खाई में गिरा ट्रक, गैस कटर की मदद से निकाला गया खलासी का शव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**जिगना।** गैपुरा-लालगंज मार्ग पर मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे विजयपुर पहाड़ी की ढलान पर सड़क पर हुए गड्ढे के चलते राखड़ लदा ट्रक अनियंत्रित होकर लगभग 30 फीट नीचे खाई में पलट गया। इस हादसे में चालक ने कूदकर जान बचाई, परंतु ट्रक खाई में जाने पर केबिन में सो रहा खलासी फंस गया। चार घंटे की मशक्कत के बाद गैस कटर की मदद से खलासी के शव को बाहर निकाला गया। कूदने से घायल चालक को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र के करगरा गांव निवासी चालक दीपक (27) पुत्र कल्लू और खलासी अदित कुमार (27) पुत्र बूटन के साथ मध्य प्रदेश के विंध्य नगर से सोमवार की शाम ट्रक पर राखड़ लादकर प्रयागराज के सहसो जा रहे थे। लालगंज-गैपुरा मार्ग पर ट्रक को दीपक चला रहा था। अदित केबिन में सोया था। मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर की पहाड़ी के ढलान पर सड़क पर गड्ढा होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर दाहिनी तरफ 30 फीट नीचे खाई में गिर गया। चालक दीपक ने ट्रक से कूदकर जान बचाई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए पीएचसी सरीई विजयपुर पहुंचाया गया। वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। उधर, गैपुरा पुलिस तथा ग्रामीणों ने गैस कटर व ग्रैंडर की मदद से ट्रक की बाडी काटकर चार घंटे की मशक्कत के बाद खलासी अदित कुमार के शव को बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सीपी पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर अदित की मां उर्मिला परिजनों के साथ विंध्याचल थाना पहुंच गई। अदित तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनसे एक पुत्र और एक पुत्री हैं। थानाध्यक्ष चंद्रप्रकाश पांडेय ने बताया कि ट्रक पलटने से अदित कुमार की मौत हो गई। चालक दीपक घायल है।



# ऐक पेड़ मां के नाम प्रकृति के धरोहर को बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शासन के निर्देशानुसार वृहद पौध रोपण जन अभियान-2024 के अन्तर्गत मंगलवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजन सिंह जी ने अपने ब्लाक परिसर मे जगत जननी मां दुर्गा मंदिर जी के सामने पौधरोपण कर मां का आशीर्वाद लिए उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष द्वारा उपस्थित लोगो को बताया कि मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार के आह्वान पेड़ लगाओं, पेड़ बचाओं ठएक पेड़ मां के नाम' नगर वासियों से अपने अपने घरों के आस-पास कम से कम 01 पेड़ लगाये जाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जी द्वारा पर्यावरण की दृष्टि से नगर को स्वच्छ, सुन्दर एवं हरा-भरा बनाये रखने एवं पौध रोपण जन अभियान-2024 में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता को आवश्यक बताया। उक्त अवसर पर अरुण सिंह गहरवार ,धीरेंद्र प्रताप सिंह सोमवंशी,लकी सिंह बघेल, राजकुमार, नवीन सिंह, राकेश सिंह, रोहित यादव,आदि लोग उपस्थित रहे।



# व्यावसायिक काम करने पर चार ट्रैक्टर सीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**ड्रमंडगंज।** रीवा-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भैंसोड़ बलाय पहाड़ के पास से मंगलवार को परिवहन व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने कृषि के लिए पंजीकृज ट्रैक्टर-ट्राली से गिट्टी लादकर ले जाने पर उसे सीज कर दिया। परिवहन व खनन विभाग की संयुक्त टीम मंगलवार को सुबह भैंसोड़ बलाय पहाड़ गांव के पास मध्य प्रदेश की ओर से गिट्टी लादकर मिर्जापुर की ओर जा रहे चार ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर ड्रमंडगंज थाने में खड़ा करा दिया। एआरटीओ एसपी सिंह ने बताया कि गिट्टी लदे पकड़े गए चारों ट्रैक्टर-ट्राली सीज कर दिए गए। इन वाहनों का व्यावसायिक परमिट नहीं था।

# पत्नी संग दर्शन करने जा रहे वृद्ध की गिरने से मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**विंध्याचल।** पत्नी के साथ मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए आए सेवानिवृत्त उप निरीक्षक परिक्रमा पथ के पास गश खाकर गिर गए। उनको उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।वाराणसी जिले के पांडेयपुर निवासी भगवती पांडेय (65) पतने राधा देवी के साथ मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे पहुंचे थे। हाथों में माला-फूल और प्रसाद लेकर परिक्रमा पथ पर पहुंचे ही थे कि अचानक गश खाकर जमीन पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद तीर्थ पुरोहित और पुलिसकर्मियों ने प्राइवेट साधन से उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉ. संतोष कुमार सिंह ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। विंध्याचल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। साथ ही परिजनों को सूचना दी। भगवती की पतने राधा देवी ने रोते हुए बताया कि माई त दर्शन नहीं दीहीं, अपने द्वार से वापस कर दीं। यही शब्द कहकर वे बेहोश हो जा रही थीं। भगवती मूल रूप से मिर्जापुर जिले के ही निवासी हैं, लेकिन पुलिस विभाग में होने के कारण गैर जनपद में तैनाती थी। वाराणसी के एक थाने से उप निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके दो पुत्रों में से बड़े की शादी हुई है। एक साल पहले छोटे पुत्र की मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष चंद्र प्रकाश पांडेय ने बताया कि एक दंपती दर्शन-पूजन के लिए आए थे। पति गश खाकर जमीन पर गिर गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# मानव तस्करी की फरार चल रही अभियुक्ता के घर की गई धारा 82 सीआरपीसी कुर्की उद्धघोषणा की कार्यवाही

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सोनभद्र द्वारा अभियुक्ता रीमा उर्फ शीला उर्फ ममता पतनी रामचन्दर निवासी ग्राम नकबई ( सतौहा ) थाना घोरावल सोनभद्र, वर्तमान पता ग्राम बभनौली थाना रार्वटसगंज सोनभद्र के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 558/23 धारा 363, 370 आईपीसी थाना राबटॅसगंज जनपद सोनभद्र में जारी धारा 82 सीआरपीसी का तामिला अभियुक्ता के मूल निवास ग्राम नकबई ( सतौहा ) थाना घोरावल सोनभद्र, वर्तमान पता ग्राम बभनौली थाना रार्वटसगंज सोनभद्र , कचहरी परिसर जनपद सोनभद्र , धर्मशाला चौराहा कस्बा रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र व बढौली चौराहा कस्बा राबर्ट्सगंज सोनभद्र व अन्य सहज दृष्य स्थानों पर माननीय न्यायालय के आदेश की कापी चस्पा की गई । अभियुक्ता रीमा उर्फ शीला उर्फ ममता पतनी रामचंद्र मानव तस्करी से संबंधित मुकदमे में फरार है के घर पर नोटिस चस्पा करते समय पास पड़ोस के कई लोग मौजूद रहे । अभियुक्ता को माननीय न्यायालय में हाजिर होने के लिए मुनादी भी कराई गई व अन्य माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया कि माननीय न्यायालय द्वारा जारी आदेश की सूचना अभियुक्ता के पास तक पहुंच जाए। जिससे माननीय न्यायालय में हाजिर हो सके । मौके पर विवेचक रामजी यादव प्रभारी निरीक्षक थाना - ए0एच0टी0 जनपद-सोनभद्र व सम्बन्धित थाने का पुलिस बल के साथ अन्य टीम भी मौजूद रहीं ।प्राचार्य प्रो. वीना देवी सिंह ने बताया कि बीए प्रथम सेमेस्टर का प्रथम कट ऑफ सामान्य वर्ग के लिए 65.20 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 57 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 51.20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 46.60 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 47.20 प्रतिशत निर्धारित की गई है। इसी प्रकार बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए प्रथम कट ऑफ सभी वर्गों के आवेदकों को अह्र माना गया है। उन्होंने बताया कि बीए तथा बीकाम प्रथम सेमेस्टर के प्रथम मेरिट लिस्ट का प्रवेश 27 जुलाई से सात अगस्त तक किया जाएगा। इसके बाद दूसरी सूची जारी की जाएगी। प्रवेश के दौरान सूची में शामिल विद्याथिर्यों को प्रवेश समिति के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है।




# केबिन में फंसे चालक की तड़पकर हुई मौत, वाहन काटकर निकाला गया शव; परिचालक गंभीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**गड्ढे में ट्रक पलटने की सूचना पर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। स्थानीय लोगों की सहायता से ट्रक की केबिन को काटकर शव को बाहर निकाला गया। मिर्जापुर के जिगना विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के गैपुरा लालगंज मार्ग पर मंगलवार की सुबह पांच बजे सोनभद्र से प्रयागराज राखड़ लेकर जा रहा ट्रक पलट जाने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई। केबिन काटकर उसका शव निकाला गया।खलासी किसी तरह बाहर निकला जिसकी हालत गम्भीर होने पर मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, चालक आदित्य कुमार (25) परिचालक दीपक (27) के साथ विन्ध्यनगर से राखड़ लाद कर प्रयागराज सहसो जा रहा था। लालगंज से गैपुरा आते समय विजयपुर पहाड़ी की ढलान पर ट्रक पलट कर लगभग 30 फीट नीचे चला गया। परिचालक तो किसी तरह बाहर आ गया। चालक को निकालने में पुलिस व ग्रामीण घंटों जुटी रही। बाद में चालक की मौत हो गई। ट्रक का केबिन काटकर उसका शव निकाला गया।

# मासूम के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी 60 वर्षीय वृद्ध गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**हलिया।** एक गांव में दो साल की मासूम के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी 60 वर्षीय वृद्ध को पुलिस ने हलिया-ड्रमंडगंज मार्ग पर सिकटा नहर के पास गिरफ्तार कर लिया।हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सोमवार को तहरीर देकर बताया कि शराब के नशे में एक 60 वर्षीय वृद्ध ने उसकी दो साल की पुत्री के साथ दुष्कर्म और छेड़खानी की। रक्तस्राव से बालिका की हालत खराब होने पर उसे मंडलीय अस्पताल ले जाया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वृद्ध के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। इस बीच मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बबुरा रघुनाथ सिंह गांव निवासी 60 वर्षीय रामबहोर राम को हलिया-ड्रमंडगंज मार्ग पर सिकटा की तरफ आ रही नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी की तलाश की जा रही थी। सिकटा नहर के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



# तीन नए एमआरएफ सेंटर के लिए जमीन चिह्नित, निर्माण जल्द

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** नगर पालिका मिर्जापुर में तीन नए एमआरएफ (मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। जल्दी ही निर्माण का काम शुरू करने की तैयारी है। तीनों एमआरएफ सेंटर बन जाने से नगर पालिका क्षेत्र में इनकी संख्या बढ़कर छह हो जाएगी।नए एमआरएफ सेंटर के निर्माण के लिए विंध्याचल, टांड़ गांव तथा सिटी विकास खंड के सिरसी गहरवार गांव में जमीन चिह्नित की गई है। जब सभी एमआरएफ सेंटर काम करने लगेंगे तो कूड़ों के निस्तारण की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकेगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका मिर्जापुर के कुशवाहा नगर में 33.67 लाख रुपये की लागत से एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया गया है। निर्माण का काम पूरा हो जाने पर यहां कूड़े की अलग-अलग छंटाई के लिए करीब 17 लाख रुपये की लागत से एक मशीन लगाई गई है। इस केंद्र में सूखे और गीले कूड़े को अलग किया जा रहा है। इसके बाद उनका उचित तरीके से निस्तारण किया जाएगा। इससे कई लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। इस केंद्र के बगल में ही कक्ष और शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यहां मशीन भी लगाई गई है। नगर पालिका क्षेत्र में प्रतिदिन 70 टन कूड़ा निकलता है। एक केंद्र में पांच टन कूड़े का शोधन हो सकता है। यदि सभी केंद्र काम करने लगेंगे तो कूड़े के निस्तारण की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

# घर में घुसा छह फीट लंबा मगरमच्छ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** वन क्षेत्र के अंतर्गत करमा क्षेत्र के अतरैला गांव में मंगलवार दोपहर आवासीय बस्ती में एक किसान के घर में छह फीट लंबा मगरमच्छ मिला। सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे पकड़कर मुक्खा फाल के जलाशय में छोड़ दिया। अतरैला गांव में आवासीय बस्ती में सतेंद्र पटेल के घर में मंगलवार की दोपहर में करीब छह फीट लंबा मगरमच्छ घुस गया। परिजनों ने दरवाजे के रास्ते घर में घुसते मगरमच्छ को देखा। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मगरमच्छ मिलने की जानकारी वन विभाग को दी गई।वन क्षेत्राधिकारी सूरजू प्रसाद के निर्देश पर वन्य जीव रक्षक अभिलाष वर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, दशरथ पाल ओमप्रकाश पाल व दयाशंकर की टीम मौके पर पहुंच कर रस्सी, बोरे व बांस के सहारे करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि अतरैला गांव में आवासीय बस्ती से छह फीट लंबा मादा मगरमच्छ पकड़ा गया, जिसे मुक्खा फाल के दह में छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि इस समय बेलन नदी, बकहर नदी व तालाबों के आस पास आवासीय बस्ती और खेतों में मगरमच्छ के भटक कर आने का खतरा अधिक है। इसलिए लोग सतर्क रहें और कहीं भी मगरमच्छ दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को सूचना दें।



# एसपीजीआई, केजीएमयू के बाद अब मेडिकल कॉलेज में भी पेन क्लीनिक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** एसपीजीआई, केजीएमयू और अयोध्या मेडिकल कॉलेज के बाद अब मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मिर्जापुर में बुधवार से पेन क्लीनिक खोलने की तैयारी है। पेन क्लीनिक में मांसपेशियों और हड्डियों में हर प्रकार के दर्द का इलाज किया जाएगा। दर्द चाहे पुराना हो अथवा नया, सभी का इलाज पेन क्लीनिक में किया जाएगा।अस्पताल में कई हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं, जो मरीजों का इलाज करते हैं, परंतु कुछ दर्द ऐसे होते हैं, जिनका इलाज विशेषज्ञ ही कर सकते हैं। हड्डी, मांसपेशी आदि में दर्द के इलाज के लिए बुधवार से मेडिकल कॉलेज में पेन क्लीनिक खुल रहा है। मंडलीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके श्रीवास्तव ने बताया कि पेन क्लीनिक के इलाज के लिए अलग व्यवस्था है। अभी तक पेन क्लीनिक एसपीजीआई, केजीएमयू और अयोध्या मेडिकल कॉलेज में ही है। उन्होंने बताया कि मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रदेश का चौथा मेडिकल कॉलेज होगा, जहां पेन क्लीनिक खुल रहा है। मंडलीय अस्पताल के 106 नंबर कमरे में यह क्लीनिक बुधवार से संचालित होगा। यहां दो डॉक्टरों की तैनाती की गई है। बुधवार को डॉ. शशि कुमार और शनिवार को डॉ. अनुराग पटेल मरीजों को देखेंगे। इस क्लीनिक में जोड़, कमर, मांसपेशियों के दर्द, गठिया आदि के नए तथा पुराने दर्द का इलाज किया जाएगा। दोनों ड?क्टर इसके विशेषज्ञ हैं। डॉ. अनुराग फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन के विशेषज्ञ हैं और डॉ. शशि कुमार एनेस्थेटिक है। नसों में दर्द को दूर करने के लिए एक इंजेक्शन लगता है, जो विशेषज्ञ एनेस्थेटिक ही लगा सकते हैं। पेन क्लीनिक खुलने से मरीजों को काफी सुविधा होगी। मरीज बुधवार और शनिवार को 106 नंबर कमरे में आकर इलाज करा सकते हैं।मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विश्वजीत दास का कहना है कि मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रदेश का चौथा कॉलेज होगा, जहां पेन क्लीनिक खोली जा रही है। इसके खुलने से हड्डी और मांसपेशियों के दर्द का इलाज किया जाएगा। क्लीनिक सप्ताह में दो दिन खुलेगी।




# सोनांचल के 280 गांवों में बनेगा डिजिटल पुस्तकालय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोनांचल के ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र में युवाओं के बेहतर शिक्षा सुविधा के लिए 280 ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय का निर्माण कराया जाएगा। डिजिटल पुस्तकालय के निर्माण पर करीब 11.20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसको लेकर शासन स्तर पर कवायद चल रही है।बजट मिलने के साथ डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना का काम शुरू होगा। जल्द बजट मिलने की उम्मीद की जा रही है। इससे ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा सुविधा मिलेगी। जनपद सोनभद्र में कुल 629 ग्राम पंचायतें है। जिसमें राजस्व गांवों की कुल संख्या 1441 है।इसके साथ ही एक नगर पालिका परिषद सोनभद्र और तथा नौ नगर पंचायतें हैं। जिले के ग्रामीण व नगर क्षेत्र में बेहतर शिक्षा सुविधा के लिए ग्राम पंचायतों में डिजिटल (लाइब्रेरी) पुस्तकालय खोलने की योजना है। पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की मानें तो सोनांचल के 280 ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। शासन के निर्देश पर बीते मार्च माह में जिला पंचायती राज विभाग की तरफ से डिजिटल पुस्तकालय निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा गया है। 280 डिजिटल पुस्तकालय के निर्माण कार्य पर करीब 11 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च होंगे। एक पुस्तकालय के निर्माण पर करीब चार लाख रुपये की लागत आएगी। पहले चरण में 100 डिजिटल पुस्तकालय खोले जाने की योजना है। प्रत्येक डिजिटल पुस्तकालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें पुस्तकों के साथ एलईडी टीवी लगाई जाएगी।



# स्पोर्ट्स



## सूर्यकुमार यादव के कप्तान बनने से खुश है पूरी टीम अक्षर पटेल ने बताया कैसा है टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम का माहौल


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20घ् सीरीज का आगाज 27 जुलाई से



होना है। इस सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाया है। हार्दिक पांड्या की जगह सूर्या को टी20 टीम की कमान सौंपी गई। हार्दिक को कप्तानी नहीं दिए जाने को लेकर काफी सवाल भी उठे, लेकिन सूर्या को कप्तानी जिम्मेदारी मिलने से टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी खुश है, इसका खुलासा स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने किया है। अक्षर ने सूर्या को भारतीय टीम के नए कप्तान बनाए जाने को लेकर सपोर्ट किया और उन्हें बॉलर्स का कप्तान कहा।दरअसल, अक्षर पटेल ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बातचीत में कहा कि मैंने सूर्यकुमार के साथ काफी समय बिताया है। सूर्या भाई एक खुशमिजाज इंसान हैं। वो माहौल को जीवंत रखते हैं, मिमिक्री करना और ऐसी ही मजेदार चीजें करना पसंद करते हैं। मुझे पता है कि वो माहौल को शांत रखेंगे। बता दें कि अक्षर पटेल पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में सूर्या की कप्तानी वाली टीम का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि सूर्या गेंदबाजों को काफी आजादी देते हैं और उन्हें उम्मीद है कि अब जब सूर्या ने पूर्णकालिक टी20 कप्तानी संभाली है तो इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा।अक्षर ने आगे कहा कि मैंने हाल ही में पांच मैचों की एक टी20 सीरीज खेली थी जब वह कप्तान थे। मैं जानता हूं कि वह एक गेंदबाज के कप्तान हैं। वह गेंदबाजों को वो फील्ड देते हैं जो वे मांगते हैं। मेरे साथ भी ऐसा ही था। मुझे नहीं लगता कि बहुत ज्यादा बदलाव होगा। अब हम उनकी कप्तानी में खेलते हुए उनकी मानसिकता के बारे में जानेंगे। आप एक दौरे से किसी की कप्तानी का अंदाज़ा नहीं लगा सकते। जब हम और ज्यादा खेलेंगे तो हमें उनकी कप्तानी शैली के बारे में और पता चलेगा।

## मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सबसे युवा अध्यक्ष बने अजिंक्य नाइक, कहा- अब ज्यादा क्रिकेटर्स को मिलेगी नौकरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सबसे युवा अध्यक्ष बने अजिंक्य नाइक, कहा- अब ज्यादा क्रिकेटर्स को मिलेगी नौकरी मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को नया अध्यक्ष मिल गया है। बाद अंजिक्य ने कहा कि ये जीत मुंबई मैदान की है और क्लब सेक्रेटरी की। मैं काफी समय से कई कमेटी का हिस्सा हूं और मेरी जर्नी एक पेरेमिड की तरह है। नतीजा बिल्कुल मैंने जैसा सोचा था वैसा ही आया। अजिंक्य



पिछले महीने अमोल काले के अचानक काडिय्क अरेस्ट से निधन के बाद से र्श्णे प्रेसिडेंट की पद खाली थी। अब एमसीए का नया अध्यक्ष अजिंक्य नाइक को बनाया गया। चुनाव में मौजूदा सेक्रेटेरी अजिंक्य नाइक ने संजय नाइक को हराया। अजिंक्य को 221 तो विरोधी उम्मीदवार संजय नाइक को 114 वोट मिले। दरअसल, अजिंक्ये पिछले दो साल से मुंबई क्रिकेट एसोसिशन से जुड़े हुए हैं और सचिव पद पर काम करते है। अजिंक्य अमोल काले के बेहद करीबी थे और अब उनके निधन के बाद अजिंक्य को उनकी पद संभालने की जिम्मेदारी मिल गई है। र्श्णे का प्रेसिडेंट बनने के ने इस दौरान कहा कि वह कॉर्पोरेट हाउस से क्रिकेटर्स के लिए ज्यादा से ज्यादा जॉब की अप्रोच करेंगे। शहर में जॉब की सुविधा की कमी की समस्या का हल ढूंढना होगा अजिंक्य नाइक ने बताया कि वह इस पद के लिए बिना किसी राजनैतिक और किसी नेता के सपोर्ट के ही उतरे और उन्होंने कहा कि पर्दे के पीछे कुछ ऐसे लोग है, जिन्होंने मुझे र्श्णे का सबसे युवा अध्यक्ष बनने में मदद की। वहां बहुत सारी अदृश्य शक्तियां थीं और धीरे-धीरे आपको पता चल जाएगा कि वे कौन थीं। हमारे गुरु शरद पवार सर हैं। हम काफी समय से उनका अनुसरण कर रहे हैं।

## राहुल द्रविड़ ने गाली पर दी थी पलटवार करने की सलाह, भारत के स्टार प्लेयर ने बताया पूरा किस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर 17 साल के लंबे इंतजार के बाद टी20 विश्व कप 2024 का खिताब अपने नाम जो बेहद ही कम लोगों को पता है। अभिषेक शर्मा ने अंडर-19 एशिया कप 2018 से जुड़ा एक किस्सा बताया, जिसमें द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में भारतीय प्लेयर्स को जो सलाह था कि अगर वे गाली देंगे तो तुम भी गाली देना। किसी ने भी उनसे ऐसा कहने की उम्मीद नहीं की थी। हम उस मैच के लिए काफी उत्साहित थे। द्रविड़ का कहना था कि कोई



किया। इस टूर्नामेंट के साथ ही द्रविड़ का बतौर कोच कार्यकाल भी समाप्त हुआ। द्रविड़ की जगह गौतम गंभीर भारतीय टीम के नए हेड कोच बने। वहीं, राहुल द्रविड़ की कोचिंग में कई भारतीय खिलाडियों ने खेला, जिसमें से एक अभिषेक शर्मा भी रहे। हाल ही में अभिषेक शर्मा ने पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ से जुड़े पुराने किस्सों का जिक्र किय उन्होंने एक ऐसा किस्सा बताया दी थी, उससे सुनकर वह खुद हैरान रह गए थे।दरअसल, आईपीएल 2024 के बाद जिम्बाब्वे दौरे पर बल्ले से धूम मतचाने वाले अभिषेक शर्मा ने एक पॉडकास्ट में राहुल द्रविड़ से जुड़ा एक किस्सा सुनाया, जिसमें उन्होंने कहा कि जब हम अंडर-19 एशिया कप में बांग्लादेश से हार गए थे, जब हमने विश्व कप में उनका सामना किया तो राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में हमसे कहा अगर अपमानित करें या गलत व्यवहार करें , तो उसका जवाब देना, क्योंकि अपने आत्म-सम्मान की रक्षा करना जरूरी ह बता दें कि अभिषेक शर्मा ने उस मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था और फिर पांच ओवर में 11 रन देकर दो विकेट भी लिए थे। बांग्लादेश की टीम को उस मैच में 131 रन से हार का सामना करना पड़ा।

## न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान के साथ भारत में क्यों खेलनी पड़ रही है टेस्ट सीरीज, जानिए असली वजह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**आम तौर पर आपने देखा होगा कि जब दो टीमें टेस्ट मैच या टेस्ट सीरीज खेलती हैं तो मैदान किसी न किसी एक टीम का होम



ग्राउंड होता है, सिवाए आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को छोड़कर। मसलन, अगर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज होगी तो ये सीरीज या तो भारत में खेली जाएगी या ऑस्ट्रेलिया। लेकिन अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले इकलौते टेस्ट मैच में ऐसा नहीं है। ये मैच न तो अफगानिस्तान में खेला जाएगा और न ही न्यूजीलैंड। ये मैच खेला जाएगा भारत में। ये टेस्ट मैच नौ से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। अब सभी के मन में सवाल होगा कि अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें भारत में टेस्ट मैच क्यों खेल रहीय हैं? ऐसी क्या वजह है कि अफगानिस्तान को न्यूजीलैंड की मेजबानी भारत में करनी पड़ रही है है इसकी असली वजह हम बताते हैं आपको। अफगानिस्तान वो देश है जो बंदूकों, तोपों के साए में पनपा है। युद्ध और आतंकवाद की मार इस देश ने झेली है। इसलिए जब इस देश में क्रिकेट पनप रहा था तब इस देश के पास अच्छे मैदान नहीं थे। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस देश की मदद की और अपने कुछ मैदान इस टीम को दे दिए। ये मैदान अफगानिस्तान के घरेलू मैदान बन गए। इनमें से ही एक है ग्रेटर नोएडा का शहीद विजय सिंह पथिक मैदान। इसी मैदान पर अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें टेस्ट मैच खेलेंगी। हालांकि, ये पहला मौका नहीं है जब अफगानिस्तान ने भारत के मैदानों पर किसी टीम के खिलाफ मैच खेले हैं और उसकी मेजबानी की है। इसे पहले भी ये हो चुका है। अफगानिस्तान में उच्च स्तरीय स्टेडियम की कमी, बम धमाकों, हमलों की गुंजाइश के कारण वहां इंटरनेशनल क्रिकेट की संभावना नहीं बन पाती है। अफगानिस्तान ने वैसे भी कोई उच्च स्तरीय स्टेडियम नहीं हैं जहां वो इंटरनेशनल मैच आयोजित करा सके। ये देश आगे बढ़ भी रहा था कि तभी अफगानिस्तान में तालिबानी राज की वापसी हो गई। तालिबान ने आते अफगानिस्तान की महिलाओं को क्रिकेट से दूर कर दिया। ऐसे में वहां क्रिकेट का इंफ्रस्ट्रग्चर नहीं बन पा रहा है। बीसीसीआई ने अफगानिस्तान की मदद की और उसे अपने मैदान दिए जिन्हें वह अपना दूसरा घर कह सके और इंटरनेशनल मैचों की मेजबानी कर सके।

## पाकिस्तान ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा, सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए करेगा भारत की जीत की दुआ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विमंस एशिया कप 2024 के 9वें मुकाबले में मंगलवार को पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने यूएई महिला क्रिकेट टीम को मैच में पाकिस्तान टीम को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 7 विकेट से मात दी थी। यूएई को हराने के साथ ही पाकिस्तान के 4 अंक हो गए हैं। अगर आज



10 विकेट से मात दी। टूर्नामेंट में यह पाकिस्तान की दूसरी जीत है। इससे पहले पाक टीम ने नेपाल महिला क्रिकेट टीम टीम को 9 विकेट से रौंदा था। साथ ही पहले भारतीय टीम नेपाल को हराती है तो हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम के साथ ही पाकिस्तान टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

## कप्तानी को लेकर सूर्यकुमार और हार्दिक की दोस्ती में आई दरार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका (घ्र्ट्टी ने ऐग् र्थ्ह्हे) के बीच तीन मैचों की काफी तेजी से चर्चा होने लगी कि हार्दिक और सूर्या के बीच सबकुछ ठीक नहीं हैं। इस बीच एक वीडियो होने से पहले मुंबई हवाई अड्डे पर दोनों खिलाड.ियों को एक-दूसरे से गले मिलते हुए देखा गया और इससे



टी20घ् सीरीज का आगाज 27 जुलाई से होना है। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम श्रीलंका पहुंच चुकी है। टीम इंडिया की वीडियो सामने आई है, जिसमें सभी प्लेयर्स का श्रीलंका में स्वागत हुआ।श्रीलंका दौरे के लिए सूर्यकुमार यादव को हार्दिक पांड्या की जगह भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाया। सूर्या को कप्तान बनाए जाने के बाद ये सामने आया है, जिसमें टी20 सीरीज के लिए श्रीलंका रवाना होने से पहले हार्दिक पांड्या ने सूर्या को गले लगाकर सभी अफवाहों को खारिज किया।दरअसल, सूर्यकुमार यादव के भारतीय टी20 टीम की कप्तानी संभालने के बाद, सोशल मीडिया पर उनके और हार्दिक पंड्या के बीच मनमुटाव की अफवाहें तेजी से होने लगी। लेकिन, श्रीलंका रवाना ये साफ हो गया कि ये सभी अफवाहें झूठी थी।बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में देखा जा रहा है कि हार्दिक पांड्या नए कप्तान सूर्यकुमार यादव को मुस्कान के साथ गले लगा रहे हैं। इससे ये साफ हुआ कि दोनों खिलाड.ियों के बीच कोई मतभेद नहीं है और वे एकजुट होकर श्रीलंका जा रहे हैं।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्‍ रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## नेपाल के खिलाफ हरमनप्रीत कौर की जगह स्मृति मंधाना ने क्यों किया टॉस, क्या है वजह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशिया कप में दमदार खेल दिखाया है। इस टीम ने अभी तक दो मैच खेले हैं और दोनों में जीत हासिल की है। तीसरे मैच में इस टीम का सामना नेपाल से है। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। लेकिन जब टॉस हुआ तो टीम इंडिया की तरफ से हरमनप्रीत कौर की जगह स्मृति मंधाना टॉस के लिए आई। इस मैच में हरमनप्रीत कौर खेल नहीं रही हैं। इसी कारण उनकी जगह मंधाना ने टॉस किया। मंधाना टीम की उप-कप्तान हैं और इसलिए जब हरमनप्रीत कौर नहीं होती हैं तो मंधाना टीम की कप्तानी करती हैं। इस मैच में हरमनप्रीत कौर के न खेलने से सभी को हैरानी है। हरमनप्रीत कौर को हालांकि किसी तरह की चोट नहीं लगी है। उन्हें आराम दिया गया है। इसी कारण हरमनप्रीत इस मैच में नहीं खेल रही हैं। सिर्फ हरमनप्रीत ही नहीं बल्कि पूजा वस्त्राकर को भी इस मैच में आराम दिया गया है। देखा जाए तो टीम इंडिया ने सेमीफाइनल का टिकट लगभग पक्का कर लिया है। इसी कारण टीम ने कप्तान और अपनी मुख्य



तेज गेंदबाज को आराम देने का फैसला किया ताकि सेमीफाइनल के लिए ये दोनों तरोताजा रह सकें। जमाया था अर्धशतक भारत ने नेपाल से पहले यूएई के खिलाफ मैच खेला था और इस मैच में टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया था। भारत ने इस मैच में 200 का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बार था जब टीम इंडिया ने टी20 इंटरनेशनल में 200 का आंकड़ा पार किया था। इस मैच में हरमनप्रीत कौर ने अर्धशतकीय पारी खेली थी और 66 रन बनाए थे। दोनों टीमों की प्लेइंग-11 नेपाल महिला टीमः समझौता खड़का, सीता राणा मगर, कबिता कुंवर, इंदु बर्मा (कप्तान), डॉली भट्टा, रूबीना छेत्री, पूजा महतो, कबिता जोशी, काजल श्रेष्ठ (विकेटकीपर), सबनम राय, बिंदू रावल। भारतीय महिला टीमः शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना (कप्तान), दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, एस सजना, राधा यादव, तनुजा कंवर, रेणुका ठाकुर सिंह, अरुंधति रेड्डी।

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान की समस्याओं का अंत नहीं

पाकिस्तान के गंभीर आर्थिक संकट से ही नहीं, बल्कि अपने मुल्क के दहशतगर्दी से भी सामना करना पड़ रहा है।पाकिस्तान को जहां अपनी गंभीर आर्थिक बदहाली को दूर करने के लिए कोशिश करनी पड़ रही है, वहीं उसे अपने देश के दहशतगर्दी का भी सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में बन्नू की फौजी छावनी में एक आत्मघाती हमले में आठ सुरक्षाकर्मी मारे गए। शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार का अस्तित्व भी खतरे में है। सरकार में आपसी मतभेद बड़ी तेजी से सामने आ रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान अपनी घरेलू समस्याओं को सुलझाने के बजाय भारत में अशांति पर ज्यादा ध्यान दे रहा है, जो बेहद निंदनीय है। पाकिस्तान फिलहाल भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है और नकदी की कमी के कारण उसे भुगतान संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पाकिस्तान को सात अरब डॉलर कर्ज के तौर पर देने पर विचार कर रहा है। लेकिन कर्ज को लेकर आईएमएफ की कुछ कठिन शर्तें भी हैं, जो पाकिस्तान को पूरी करनी होंगी। जैसे कि पाकिस्तान को कर (टैक्स) आधार व्यापक बनाने के अलावा राजकोषीय और मौद्रिक नीति को मजबूत करने, राज्य स्वामित्व वाले उद्योगों के प्रबंधन में सुधार, प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने के लिए निवेश खातिर सुरक्षित व्यवस्था करने आदि की शर्तों को पूरा करना होगा। फिलहाल आईएमएफ ने पाकिस्तान को तीन साल का एक पैकेज आर्थिक समस्याओं से निपटने के लिए दिया है, जिससे उसे काफी हद तक आर्थिक संकट से निपटने में मदद मिलेगी। यह मदद 2023 'स्टैंड बाय अरेंजमेंट' के तहत दी गई है। इस तरह की मदद आईएमएफ भुगतान संकट का सामना कर रहे अपने सदस्य देशों को देता है। इधर पाकिस्तान ने अपने सालाना बजट में कुछ ऐसे प्रावधान किए है, जिससे उसे टैक्स से आय में बढ़ोतरी की उम्मीद है। काबिले गौर है कि पाकिस्तान अब चौदहवीं बार आईएमएफ के सामने कर्ज के लिए हाथ फैलाने जाएगा। पाकिस्तान में पहली बार 1958 में अयूब खान की फौजी सरकार आईएमएफ के पास कर्ज मांगने गई थी और उसने कर्ज हासिल किया था। आईएमएफ के कहने पर अब गैस, बिजली और बुनियादी जरूरतों की चीजों के रेट तय किए जा रहे हैं। आईएमएफ ने नए कर देने वालों की संख्या 30 लाख से बढ़ाकर 60 लाख करने के लिए कहा है। सेल टैक्स में भी बढ़ोतरी का प्रावधान है। खेती के लिए बीज, खाद, ट्रैक्टर पर पूरा सेल टैक्स लगाने की बात की गई है। निस्संदेह नए टैक्स मुल्क में महंगाई में बढ़ोतरी करेंगे, इससे पाकिस्तान में रोष देखा जा रहा है। सरकार ने आयकर अदा करने वालों की श्रेणी कम करके चार कर दी है। इससे उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। पाकिस्तान के लिए आईएमएफ की शर्तों पर अमल करना एक बहुत बड़ी चुनौती है। पाकिस्तान के बजट के बारे में न सिर्फ पाकिस्तानी आवाम, बल्कि वहां के राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने भी यह आरोप लगाया है कि आईएमएफ से कर्ज लेकर आवाम का इम्तिहान लिया जा रहा है। हम सरकार बनाना ही नहीं, गिराना भी जानते हैं। जाहिर है, राष्ट्रपति आईएमएफ से कर्ज लेने के हक में नजर नहीं आते। शरीफ सरकार के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने खुद स्वीकार किया है कि बजट में लगाए गए कर से लोग तनाव में हैं। उनके राजस्व प्रस्ताव की सबने आलोचना की थी। हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जून में अपने कुछ मंत्रियों व सहयोगियों के साथ चीन गए थे। इस शिष्टमंडल में सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर भी शामिल थे। उनका मकसद चीन से माली मदद हासिल करना था। इससे पहले कि वे चीन से माली मदद मांगें, चीन ने पाकिस्तान से ताईवान, शिनजियांग, शिझांग, हांगकांग और दक्षिण सागर पर समर्थन की मांग की। पाकिस्तान चाहता था कि चीन उसके मुल्क में नई परियोजना में 46 अरब डॉलर का निवेश करे, लेकिन चीन ने केवल 25 अरब डॉलर के निवेश की पुरानी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वीकृति दी। पुरानी योजनाओं में सबसे प्रमुख बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की परियोजना है। इनमें ज्यादातर चीन के ही इंजीनियर और मजदूर काम रहे है और स्थानीय लोग गवादर एरिया में बलूची मजदूरों पर बराबर जानलेवा हमले करते रहते हैं। इसलिए चीन पाकिस्तान से उनकी सुरक्षा करने का भरोसा चाहता है। शहबाज शरीफ ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की और आपसी रिश्तों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। पाकिस्तान के आर्थिक संकट का अंत होता नहीं दिखता। अब देखना यह है कि अगले कुछ दिनों में पाकिस्तान में हालात क्या शक्ल अख्तियार करते हैं।

# रक्षा क्षेत्र को करीब 6.22 लाख करोड़ रुपये का हुआ आवंटन

संजय मिश्र, नई दिल्ली। केंद्रीय बजट 2024-25 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा मंत्रालय को करीब 6.22 लाख करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया है जो अन्य सभी मंत्रालयों की तुलना में सबसे अधिक है। रक्षा बजट का बड़ा



हिस्सा जहां वेतन-पेंशन पर खर्च होगा वहीं पूंजीगत खर्च के लिए करीब 172000 करोड़ रुपये का आवंटन निर्धारित हुआ है। इसमें से 105518 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वदेशी रक्षा कंपनियों से रक्षा उत्पादों की खरीद पर खर्च की जाएगी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पूंजीगत खर्च में इस विशेष कोटे का उद्देश्य देश में रक्षा उद्योग को बढ़ावा देना है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा बजट आवंटन में बढ़ोतरी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा भी कि पूंजीगत व्यय तीनों सैन्य बलों की क्षमताओं को और मजबूत करेगा तथा रक्षा क्षेत्र में 'आत्म निर्भर भारत' को और गति मिलेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा मंत्रालय को करीब 6.22 लाख करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने करीब डेढ़ घंटे के भाषण के दौरान रक्षा बजट के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। वहीं सीमा सड़क संगठन को 6500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जबकि डीआरडीओ को 23855 करोड़ रुपये का बजट आवंटन दिया गया है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने करीब डेढ़ घंटे के भाषण के दौरान रक्षा बजट के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। हालांकि, बजटीय आवंटन के ब्यौरे में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रक्षा मंत्रालय के आवंटन की जानकारियां दी गईं। पूर्ण बजट में चालू वित्तीय वर्ष के लिए रक्षा मंत्रालय को कुल 6,21,940.85 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जो कुल बजटीय अनुमान का लगभग 12.90 प्रतिशत है वित्त वर्ष 2022-23 के आवंटन की तुलना में यह लगभग एक लाख करोड़ रुपये अधिक है और पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 4.79 प्रतिशत अधिक है। रक्षा बजट के कुल आवंटन में 27.66 प्रतिशत पूंजीगत खर्च, जीविका और सैन्य परिचालन तैयारियों पर व्यय के लिए 14.82 प्रतिशत, वेतन-भत्ते के लिए 30.66 प्रतिशत, पेंशन 22.70 प्रतिशत तथा रक्षा मंत्रालय के तहत नागरिक संगठनों के लिए 4.17 प्रतिशत का आवंटन किया गया है रक्षा पेंशन के लिए कुल आवंटन 1,41,205 करोड़ रुपये है जो लगभग 32 लाख पेंशनभोगियों को मासिक पेंशन पर खर्च किया जाएगा। हालांकि सामरिक विशेषज्ञ रक्षा क्षेत्र के बजटीय आवंटन को अपर्याप्त मानते हुए आशंका जता रहे कि इसका सेनाओं के आधुनिकीकरण से लेकर विशिष्ट हथियारों-उपकरणों की खरीद पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। रक्षा विशेषज्ञ पूर्व मेजर जनरल जेकेएस परिहार ने कहा कि वित्त मंत्री के संबोधन में रक्षा शब्द का जिक्र तक नहीं होना दर्शाता है कि उनकी प्राथमिकता सूची में यह कहां है। उन्होंने कहा कि भारत की सेनाएं दोहरे मोर्चे की जटिल चुनौतियों का सामना कर रही हैं। इस लिए सैन्य आधुनिकीकरण तथा विशिष्ट रक्षा उपकरण-हथियारों के अधिग्रहण को गति देना जरूरी है। ऐसे में रक्षा बजट में आठ फीसद से कम का आवंटन निगेटिव माना जाएगा क्योंकि मुद्रास्फीति फैक्टर से निपटने के लिए यह न्यूनतम बेंचमार्क अपरिहार्य है। परिहार ने कहा कि पांच फीसद से भी कम बढ़ोतरी से साफ है कि रक्षा क्षेत्र फिलहाल सरकार की प्राथमिकता में नहीं है और बजट में इसका किसी रूप में उल्लेख न होने इसका प्रमाण है। हालांकि, रक्षा मंत्रालय बजट से प्रसनन नजर आया और उसके अनुसार बजट आवंटन में पूंजीगत व्यय की राशि से सैन्य बलों के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। 1.72 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत आवंटन वर्ष 2023-24 के संशोधित आवंटन से 9.40 प्रतिशत अधिक है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस आवंटन का मकसद चालू और अगले वित्त वर्ष में बड़े रक्षा खरीद के जरिए महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण गैप को भरा जाएगा। साथ ही सशस्त्र सेनाओं को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, पोतों, पनडुब्बियों, प्लेटफार्मों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोनों, विशेषज्ञ वाहनों आदि से लैस करने पर भी यह राशि खर्च होगी। वहीं सेनाओं की परिचालन तत्परता के लिए अधिक आवंटन का मकसद सैन्य बलों को हर समय युद्ध के लिए तैयार रखना है। इसलिए इस मद में चालू वित्त वर्ष के दौरान रक्षा बजट में से 92,088 करोड़ रुपये इसके लिए आवंटित किए गए हैं जो दो साल पूर्व की तुलना में 48 प्रतिशत अधिक है। इसका उद्देश्य विमान और जहाजों सहित सभी प्लेटफार्मों को सर्वोत्तम रखरखाव सुविधाएं और समर्थन प्रणाली को सुदृढ़ करना है। गोला-बारूद की खरीद की सुविधा के साथ सुरक्षा स्थिति की मांग के अनुसार संसाधनों और सैन्य कर्मियों की गतिशीलता में भी इस आवंटन से मदद मिलेगी और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति के लिए अग्रिम क्षेत्रों में सेना की तैनाती को मजबूत करना इसका लक्ष्य है। सीमावर्ती क्षेत्रों में अंतिम मील कनेक्टिविटी प्रदान करने के साथ-साथ रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा करने में शामिल एजेंसियों को बजट आवंटित करने में प्राथमिकता में रखा गया है। इसके तहत पूंजी व्यय के लिए सीमा सड़क संगठन (ध) को 6,500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में रणनीतिक बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के साथ लद्दाख में 13,700 फीट की ऊंचाई पर न्योमा एयरफील्ड के विकास, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारत की दक्षिणी पंचायत के लिए स्थायी पुल कनेक्टिविटी, हिमाचल प्रदेश में 4.1 किलोमीटर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिंकू ला सुरंग, अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू सुरंग और कई अन्य परियोजनाओं को भी इस आवंटन का फायदा मिलेगा। वहीं, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानि डीआरडीओ को 23,855 करोड़ रुपये का बजट आवंटन दिया गया है।

## शेख हसीना को चरम भ्रष्टाचार और विकराल बेरोजगारी पर पाना होगा काबू तभी दे पाएंगी नया संदेश

जब भी बांग्लादेश में कोई आंदोलन होता है, तो बीएनपी, जमात-ए इस्लामी एवं अन्य कट्टरपंथी समूह उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना को चरम भ्रष्टाचार और विकराल बेरोजगारी पर काबू पाना होगा, ताकि इनकी आड़ में कट्टरपंथी ताकतें अपने मंसूबों में कामयाब न हो सकें।जब भी बांग्लादेश में कोई आंदोलन होता है, तो बीएनपी, जमात-ए इस्लामी एवं अन्य कट्टरपंथी समूह उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना को चरम भ्रष्टाचार और विकराल बेरोजगारी पर काबू पाना होगा, ताकि इनकी आड़ में कट्टरपंथी ताकतें अपने मंसूबों में कामयाब न हो सकें।शीर्ष अदालत ने आरक्षण को पूरी तरह खत्म नहीं किया, बल्कि निचली अदालत के उस फैसले को रद्द किया है, जिससे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले ने शेख हसीना सरकार और आंदोलनकारी छात्रों, दोनों की प्रतिष्ठा बचाई है। लेकिन काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि हसीना सरकार, जो विरोध प्रदर्शन की गंभीरता का आकलन करने में पूरी तरह विफल रही, किसी भी विरोध प्रदर्शन को हथिया लेते हैं और मौजूदा प्रदर्शन इसका अपवाद नहीं है। आंदोलनकारी छात्र आरक्षण की इस व्यवस्था को भेदभावपूर्ण मानते हैं और योग्यता के आधार पर भर्ती की मांग करते हैं। आजादी के बाद से यह बांग्लादेश का सबसे खराब संकट है, जिसमें अनुमानतः 100 से 130 लोगों की मौतें हुई हैं (आलोचकों का दावा है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक है)। आंदोलन कई हफ्तों तक चला। इस आंदोलन में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, जमात-ए इस्लामी एवं अन्य सामाजिक रूप से शक्तिशाली इस्लामी कट्टरपंथी समूहों की भूमिका देखी जा सकती है। पंद्रह साल से अधिक समय से लगातार सत्ता में काबिज हसीना, दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला नेता हैं, जो वस्तुतः एकतरफा शासन करती हैं और उन पर तानाशाही के आरोप हैं। उन्हें बढ़ते मध्यम वर्ग से भी निपटना है, जो उनकी सरकार की आर्थिक प्रगति से मजबूत हुआ है, जो महत्वाकांक्षी है और नौकरी व बेहतर जीवन चाहता है। मुक्ति आंदोलन बांग्लादेशियों की



बाद के हालात से कैसे निपटती है। यह एक लंबी प्रक्रिया की केवल शुरुआत है, जबकि सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार और युवाओं में बेरोजगारी जैसे गहरे कारण अब भी बने हुए हैं। हसीना के इस बयान ने भी आंदोलन को हवा दी कि 'अगर स्वतंत्रता सेनानियों को नहीं, तो क्या रजाकारों के लिए आरक्षण होना चाहिए।' उनका यह बयान इस्लामवादियों के खिलाफ उनके राजनीतिक हमले का एक हिस्सा था, जो अंदर और बाहर से उन्हें चुनौती देते रहते हैं। 'रजाकार' उन समूहों को कहा जाता है, जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी अधिकारियों ने 1971 में बांग्लादेश के हितों के खिलाफ किया था। इसने आंदोलनकारियों को भड़का दिया, जो किसी भी राजनीतिक दल के साथ संबद्धता से इन्कार करते हैं। लेकिन बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों के आंदोलन का एक लंबा इतिहास?है, जिन्हें कथित रूप से बाहर से बढ़ावा मिलता है, जो भावनात्मक जीवन रेखा है, लेकिन आबादी के एक बड़े वर्ग ने उसमें भाग नहीं लिया था। इसी वर्ग की तीसरी पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनकी तीसरी-चौथी पीढ़ियों को मिलने वाले आरक्षण को गैर-जरूरी मानती है, और अपनी कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार दिए जाने से नाराज है। 17 करोड़ की आबादी वाले इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र में आंदोलन कोई नई बात नहीं है, पिछले हफ्ते के प्रदर्शन जितने तीव्र थे, वैसे आज तक नहीं देखे गए। हालांकि 2009 में शेख हसीना के सत्ता में लौटने के बाद से बांग्लादेश तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन अन्य विकासशील देशों की तरह इसने पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं की है। यह कोविड-19 महामारी के कारण मंदी से जूझ रहा था, जब यूक्रेन युद्ध के कारण तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। एक अनुमान के मुताबिक, 1.8 करोड़ बांग्लादेशी युवा रोजगार की तलाश में हैं।

# बजट भाषण में दिखा वित्तीय इंजीनियरिंग की कुशलता और राजनीति का सटीक प्रबंधन, हर वर्ग को देने की कोशिश

यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप आगामी पांच साल के लिए ठोस नींव रखता है। यह विभिनन्न क्षेत्रों में राहत और प्रोत्साहन प्रदान करता है, जिसमें रोजगार सृजन, शहरी विकास और महिला कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है।वर्ष 2024 का बजट अत्यधिक प्रत्याशित रहा, खासकर प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा के बाद कि पिछला दशक आने वाले पांच वर्षों में अपेक्षित परिवर्तनकारी परिवर्तनों के लिए केवल एक प्रस्तावना या 'ट्रेलर' था। यह बजट नौ प्रमुख क्षेत्रों के आसपास संरचित है, जिसमें रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है, जो सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। सरकार 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हुए 'अच्छी भुगतान वाली नौकरियां' निर्मित करने की अपनी प्राथमिकता में काफी स्पष्ट रही है। इस संबंध में, शिक्षा के लिए बढ़ा हुआ बजट आवंटन दूरगामी प्रभाव वाला एक रणनीतिक कदम है। दूसरी तरफ, कृषि अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने का उद्देश्य दूरगामी सोच वाले दृष्टिकोण को दर्शाते हुए उत्पादकता बढ़ाना है। एक और उल्लेखनीय पहल रोजगार से जुड़ा प्रोत्साहन कार्यक्रम है, जहां सरकार भविष्य निधि में नियोक्ता का हिस्सा और ईपीएफओ के साथ पंजीकृत नए कर्मचारियों के लिए पहले महीने का वेतन, जो पंद्रह हजार रुपये तक हो, कवर करेगी। इसके अतिरिक्त, विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई योजनाएं शुरू की गई हैं, जो इस क्षेत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। कार्यबल में महिलाओं के लिए बढ़ा हुआ बजट आवंटन और शिक्षा ऋण की ब्याज दरों में तीन प्रतिशत की छूट समावेशी विकास की दिशा में सराहनीय कदम हैं। इसके अलावा, सरकार ने एक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है जिसका लक्ष्य एक करोड़ भारतीय युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में आवासीय और व्यावसायिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को कम किया जा सके। बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार राज्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो राजनीति में विश्वस्त सहयोगी होने के नाते स्वाभाविक भी था। बिहार के लिए, कोसी नदी बेसिन में बाढ़ सिंचाई और बाढ़ प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना एक महत्वपूर्ण कदम है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बजट क्रेडिट गारंटी योजना को बढ़ाना और मुद्रा लोन सीमा को रुपये 20 लाख तक बढ़ाने जैसे उपायों से एमएसएमई को आवश्यक वित्तीय सहायता मिलने, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बजट में शहरी विकास को प्राथमिकता वाला क्षेत्र माना गया है, जिसमें जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं परिवहन के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के पर्याप्त निवेश का प्रस्ताव रखा गया है। कई सुधारों के प्रस्ताव के साथ सरकार ने शहरी ढांचों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जो सतत विकास एवं जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जरूरी है, क्योंकि भारत का भविष्य शहरी क्षेत्रों पर ही निर्भर है। बजट में



ऊर्जा परिवर्तन को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है, जिसमें सोलर रूफटॉप नीति की शुरुआत की गई है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालयों में अनुसंधान की फंडिंग के लिए एक लाख करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण आवंटन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र को शामिल किया गया है, जो नवाचार के महत्व को रेखांकित करता है। बजट में रोजगार, भूमि संबंधी मामलों और वित्तीय क्षेत्र में अगली पीढ़ी के सुधारों की रूपरेखा पेश की गई है, जिसका उद्देश्य व्यापार सुगमता को बढ़ाना और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करना है। बजट प्राप्तियां बढ़कर 32.07 लाख करोड़ रुपये हो गई हैं, जबकि राजकोषीय घाटा जो अंतरिम बजट में 5.1 फीसदी था, वह घटकर 4.9 फीसदी रह गया है। यह कमी मुख्य रूप से जीडीपी में वृद्धि, उच्च प्राप्तियों और कम व्यय के कारण आई है। 2023-24 के वास्तविक खातों से पता चलता है कि संशोधित बजट में निर्धारित 5.8 फीसदी की तुलना में राजकोषीय घाटा घटकर 5.6 फीसदी रह गया है। बजट प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर में कई तरह के बदलाव लाता है। हालांकि अप्रत्यक्ष करों, विशेष रूप से जीएसटी का सरलीकरण एक सकारात्मक कदम है। लेकिन कर कटौती एवं उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी जैसे कई मुद्दे अब भी हैं। कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी से शेयरबाजार में सूचीबद्ध निवेशकों के लिए चिंताएं बढ़ी हैं। सूचीबद्ध वित्तीय संपत्तियों पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को 10 फीसदी से बढ़ाकर 12.5 फीसदी कर दिया गया है, जबकि शॉर्ट टर्म गेन पर टैक्स को 15 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया गया है। सरकार ने सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध, दोनों प्रतिभूतियों के लिए लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर को एक समान 12.50 फीसदी रखकर दोनों के बीच के अंतर को पाट दिया है। यह गैर-सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए दर में बड़ी कमी है, जिससे स्टार्ट-अप्स में पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। सोना एवं चांदी पर कर घटाकर छह फीसदी कर दिए जाने से इनकी तस्करी तो घटेगी ही, मूल्यवर्धन एवं निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा एंजल टैक्स हटाने से स्टार्ट-अप को भी बड़ी राहत मिली है। व्यक्तिगत कराधान के मामले में बजट ने कई लोगों को निराश किया है। जबकि प्रति व्यक्ति 17,500 रुपये की सकल कटौती के साथ कुछ कर राहत दी गई है। कर संरचना के छह स्लैब को बनाए रखना शायद अनावश्यक रूप से जटिल है। तीन-स्लैब की संरचना अधिक सरल होती। बजट का एक और महत्वपूर्ण पहलू विवाद समाधान पर ध्यान केंद्रित करना है। विवाद से विश्वास योजना की शुरुआत का उद्देश्य कुछ लंबित आयकर विवादों को हल करना है। प्रत्यक्ष कर, उत्पाद शुल्क और सेवा कर से संबंधित अपील दायर करने की मौद्रिक सीमा बढ़ा दी गई है, लेकिन यह अधिक प्रभावी होता, यदि उच्च न्यायालय के निणर्यों का बेहतर सम्मान करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के लिए सीमा कम से कम 50 करोड़ रुपये तक बढ़ा दी जाती। कुल मिलाकर, यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप आगामी पांच साल के लिए ठोस नींव रखता है। यह विभिनन्न क्षेत्रों में राहत और प्रोत्साहन प्रदान करता है, जिसमें रोजगार सृजन, शहरी विकास और महिला कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। हालांकि, बजट मध्यम वर्ग की जरूरतों को पूरा करने में विफल रहा है, जो लगातार कर बोझ उठाता है। पूंजीगत लाभ कर में वृद्धि इक्विटी संस्कृति को भी कम कर सकती है, जो दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्रीय बजट इस बार ग्रामीण, विकास और रोजगार सृजन पर केंद्रित है। रेटिंग एजेंसियों ने राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण रखने और उधार कम करने की घोषणाओं की सराहना की है। इस बार का केंद्रीय बजट वास्तविक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है, क्योंकि यह ग्रामीण क्षेत्र, कृषि विकास, रोजगार सृजन, रोजगार के लिए तैयार युवाओं के कौशल विकास और अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता बढ़ाने के लिए बुनियादी संरचनाओं के निर्माण पर केंद्रित है। सबसे अच्छी बात यह है कि ये सारी बड़ी पहल राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9 फीसदी तक लाने और इस वर्ष सरकार द्वारा लिए जाने वाले उधार को कम करने के दौरान की गई हैं। इस बजट में वायदा और विकल्प अनुबंधों पर प्रतिभूति लेनदेन कर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर होने वाले अल्पकालिक लाभ पर अब 20 फीसदी कर लगेगा, जबकि पहले यह मात्र 15 फीसदी था। कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर दीर्घकालिक लाभ पर अब 12.5 फीसदी कर लगेगा, जबकि पहले यह 10 फीसदी था। कुछ वित्तीय साधनों पर कर योग्य पूंजीगत लाभ पर छूट की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दी गई है। बजट घोषणा के बाद बॉन्ड और रुपये में गिरावट आई। भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट आई, एनएसई निफ्टी 50 सूचकांक में 1.8 फीसदी की गिरावट आई, लेकिन नुकसान कम हुआ। स्मॉल कैप और मिडकैप सूचकांक में तेज गिरावट देखी गई, लेकिन निचले स्तरों पर खरीदारी के कारण दिन के अंत तक इनमें भी गिरावट देखी गई। उच्च आयकर छूट के साथ-साथ सोना, चांदी, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं पर आयात शुल्क में कमी, साथ ही महिलाओं के लिए रोजगार प्रोत्साहन योजनाओं और कार्यक्रमों से समग्र खपत को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जबकि प्रत्यक्ष कर नीति में बदलाव से कई कमाने वालों के हाथ में कर चुकाने के बाद ज्यादा पैसे बच सकते हैं। रोजगार कार्यक्रमों पर खर्च से देश के युवाओं के हाथों में अधिक पैसा आ सकता है। बजट घोषणाओं के बाद भारत की उपभोक्ता वस्तुओं की कंपनियों और दोपहिया वाहन निर्माताओं को लाभ हुआ। प्रमुख राज्यों में स्थित बुनियादी ढांचा कंपनियों को भी निवेश पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली। सोने और चांदी पर शुल्क कटौती के कारण आभूषण कंपनियों के शेयरों में भी तेजी आई। बजट में कोई अतिरिक्त शुल्क की घोषणा नहीं किए जाने के बावजूद तंबाकू कंपनियों के शेयरों की कीमतें बढ़ गईं। बजट में 'एंजल टैक्स' को खत्म करने से देश के स्टार्ट-अप सेक्टर को लाभ होगा। यह टैक्स स्टार्ट-अप द्वारा उचित बाजार मूल्य से अधिक मूल्यांकन पर जुटाए गए फंड पर लगाया जाता है। इससे देश में स्टार्ट-अप परिदृश्य को बढ़ावा मिलेगा। रक्षा से लेकर रेलवे, प्रॉपर्टी डेवलपर्स से लेकर निर्माण कंपनियों तक के प्रमुख शेयरों में मुनाफा वसूली देखी गई, जो कि भविष्य के उज्ज्वल अनुमानों के कारण काफी ऊपर चढ़े थे। बजट में रियल एस्टेट पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को कम किया गया है, लेकिन इंडेक्सेशन लाभ को हटा दिया गया है।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## इस बार डबल होगा ट्रबल, जब जोकर के साथ मिलकर हार्ले करेंगी पागलपन की हद पार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'जोकर' ने साल 2019 में ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाले वॉकिन फीनिक्स एक बार फिर से ऑर्थर फ्लेक बनकर लौट रहे हैं और इस में हार्ले कैसे उनका साथ देती है और तबाही मचाती है, इसे भी खूबसूरती से दिखाया गया है।



बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका किया था। इस हॉलीवुड फिल्म ने दुनियाभर में 1.079 बिलियन (90,30,53,40,450) यानी कि 9030 करोड़ के आसपास का लाइफ टाइम कलेक्शन किया था। साल 2019 में जोकर को समीक्षकों और दर्शकों दोनों का ही पॉजिटिव रिस्पांस मिला था। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने जब इसके सीक्वल की घोषणा की थी तब से ही फैंस इस इंतजार में बैठे थे कि अब उन्हें क्या नया देखने को मिलेगा।फाइनली अब फिल्म के सीक्वल जोकरः फोली ए ड्यूक्स का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें एक नहीं बल्कि दो-दो लोग मिलकर तबाही मचा रहे हैं। जोकर के लिए बेस्ट एक्टर कैटेगरी बार उन्हें हॉलीवुड की मशहूर सिंगर लेडी गागा भी ज्वाइन करने वाली हैं, जो इस फिल्म में उनकी प्रेमिका हार्ले क्विन का किरदार अदा कर रही हैं। इस ट्रेलर की शुरुआत में ही दिखाया गया है कि कैसे ऑर्थर फ्लेक, जो जोकर बनकर एक के बाद एक क्राइम कर रहे हैं, उसे पुलिस गिरफ्त में ले लेती है और कोर्ट उन्हें लोगों की हत्या का दोषी मान लेता है। हार्ले जो पहली बार जोकर को पुलिस वैन में बैठा देखती है, वह उसकी दीवानी हो जाती है। फिल्म का हिंदी ट्रेलर पहले ही मेकर्स रिलीज कर चुके हैं। छोटे से ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे दोनों मिलते हैं और एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं। इतना ही नहीं, छोटे से वीडियो में जोकर के पागलपन फिल्म के सीक्वल में साइको जोकर और उनकी गर्लफ्रेंड की विकृत मानसिकता को दर्शाया जाएगा। वॉकिन फीनिक्स और लेडी गागा की ये फिल्म इस साल ही 4 अक्टूबर 2024 को दुनियाभर में रिलीज होगी। इंडिया में भी आप इस शानदार मूवी का आनंद सेम डे पर ले सकेंगे। जोकर जहां 55 मिलियन के बजट में बनी थी, तो वहीं जोकर के सीक्वल से न सिर्फ फैंस की उम्मीद दोगुनी है, बल्कि मूवी का बजट भी डेढ़ गुना ज्यादा है। जोकर 2 का बजट तकरीबन 200 मिलियन के आसपास का है। वॉकिन और लेडी गाना के अलावा मूवी में जाजी बीट्ज और कैथरीन कीनर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## छप्परफाड़ बिजनेस के बाद ओटीटी स्ट्रीमिंग के लिए तैयार, जानिए कब और कहां देखें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म किंगडम ऑफ द प्लेनेट ऑफ द एप्स बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ बिजनेस करने के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स डिजनी प्लस हॉटस्टार को मिले है। सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए प्लेटफॉर्म ने जानकारी दी कि किंगडम ऑफ द प्लेनेट ऑफ द थिएटर्स में दर्शकों को बांधे रखने में कामयाब रहे थे। किंगडम ऑफ द प्लेनेट ऑफ द एप्स की कहानी उस समय की है जब इंसानों और बंदरों के बीच संघर्ष अपने चरम



दस्तक देने वाली है। फिल्म की ग्रैंड सक्सेस के बाद फैंस बेसब्री इसकी डिजिटल स्ट्रीमिंग की राह देख रहे थे, जो अब खत्म हो गया है इस साल मई में रिलीज हुई किंगडम ऑफ द प्लेनेट ऑफ द एप्स ने शानदार शुरुआत की और लगभग 400 मिलियन डॉलर की कमाई की। बॉक्स ऑफिस पर मिली इस सक्सेस ने फिल्म की डिजिटल स्ट्रीमिंग की मांग को बढ़ावा दिया है।किंगडम ऑफ द प्लेनेट ऑफ द एप्स के ओटीटी रिलीज की घोषणा 23 जुलाई को किया गया। फिल्म के आधिकारिक एप्स कुछ दिनों बाद 2 अगस्त को ओटीटी पर स्ट्रीम की जाएगी। फिल्म को हिंदी और इंग्लिश के साथ- साथ मलयालम और तेलुगु भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स का निर्देशन वेस बॉल ने किया है। वहीं, 20पू सेंचुरी स्टूडियो ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' एक पावरफुल स्टोरी लाइन पर आधारित है, जो दर्शकों को रोमांचित करेगी। फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स और एक्शन सीक्वेंस काफी प्रभावशाली हैं, जो पर है। पिछले भाग में जहां इंसानों और बंदरों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हुई थी, वहीं इस नई फिल्म में एक नए किंगडम का उदय दिखाया गया है। फिल्म में दर्शाया गया है कि कैसे विभिनन नस्लों के बंदर एक साथ आकर अपने किंगडम को स्थापित करते हैं और इंसानों से लड़ते हैं। किंगडम ऑफ द प्लेनेट ऑफ द एप्स 2001 की रीबूट सीरीज की चौथी फिल्म है और 2017 के वॉर फॉर द प्लेनेट ऑफ द एप्स का अगला पार्ट है।

## दुनियाभर में डेडपूल एंड वुल्वरीन को जबरदस्त ओपनिंग मिलने का अनुमान, 3000 करोड़ पार हो सकता है आंकड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में मार्वल स्टूडियोज की फिल्म डेडपूल एंड वुल्वरीन की चर्चा हो रही हैं। भारतीय दर्शकों के बीच भी इस मूवी का जबरदस्त बज बना हुआ सकती है। यह किसी आर रेटेड फिल्म के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग होगी।ं रेटेड मूवीज में यह रिकॉर्ड फिलहाल डेडपूल के नाम है, जिसने 132 मिलियन डॉलर की कमाई पहले दिन की थी। रिपोर्ट में बताया गया



है। फिल्म 26 जुलाई को रिलीज हो रही है। माना जा रहा है कि डेडपूल एंड वुल्वरीन वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त शुरुआत करने वाली है और मार्वल में आई सुस्ती को खत्म कर सकती है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की 34वीं फिल्म में डेडपूल और वुल्वरीन साथ आ रहे हैं। शॉन लेवी ने फिल्म का निर्देशन किया है, जबकि रायन रेनोल्ड्स और ह्यू जैकमैन टाइटल रोल्स में दिखेंगे। मार्वल स्टूडियोज की पिछली फिल्म द मार्वल्स 2023 में रिलीज हुई थी, मगर उस फिल्म को उम्मीदों के मुताबिक ओपनिंग नहीं मिली थी। वेबसाइट डेडलाइन के मुताबिक, डेडपूल एंड वुल्वरीन दुनियाभर में 360 मिलियन डॉलर (लगभग 3000 करोड़ रुपये) तक की ओपनिंग ले सकती है। सिर्फ अमेरिका में 160-170 मिलियन डॉलर की कमाई पहले दिन हो है कि पिछले शुक्रवार तक यूएस और कनाडा में एडवांस टिकट सेल्स 35 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। हालांकि, डॉक्टर स्ट्रेंज 2 के मुकाबले ये 30 फीसदी कम है। टिकटों की बिक्री 20 मई से शुरू हो चुकी है। यूएस में प्रीव्यू शो गुरुवार से शुरू हो रहे हैं।फ्रांस, जर्मनी, इटली, कोरिया और जापान में फिल्म बुधवार को रिलीज हो रही है। स्पेन, ब्राजील, ब्रिटेन, मैक्सिको और ऑस्ट्रेलिया में गुरुवार को रिलीज होगी, जबकि भारत और चीन में शुक्रवार को सिनेमाघरों में उतर रही है। इंडिया में 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' की प्री-बुकिंग की शुरुआत हो चुकी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म की रिलीज से पहले ही एक लाख से ज्यादा टिकटें बिक चुकी हैं। जैसे-जैसे रिलीज डेट नजदीक आ रही है वैसे वैसे प्री-बुकिंग बढ़ती जा रही है।

## अरमान मलिक के एजुकेशन पर विशाल ने कसा तंज, '8वीं फेल' कमेंट सुनकर बुरी तरह बिफरे यूट्यूबर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 का घर एक बार फिर चर्चा में है। इस बार वजह बने हैं विशाल पांडे और अरमान मलिक। हाल ही में कर दिया और दोनों के बीच कहासुनी हो गई।बिग बॉस के कंटेस्टेंट अरमान मलिक और विशाल पांडे के बीच दुश्मनी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। शो



हुए एक एपिसोड में विशाल पांडे ने अरमान मलिक का मजाक उड़ाते हुए उन्हें 'आठवीं फेल' कहा। विशाल के इस तंज का जवाब देने में अरमान ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि, उन्होंने बाकी घरवालों पर भी निशाना साधा। बिग बॉस ने सभी घरवालों को जॉम्बी टाक्स करने के लिए दिया, जिसकी संचालक बनी शिवानी कुमारी। घर में झगड़ा तब शुरू हुआ जब शिवानी ने कृतिका मलिक को टास्क से बाहर शुरू होने के बाद से ही दोनों के बीच कई बार कहासुनी हो चुकी है। ऐसी ही एक घटना में अरमान ने विशाल को थप्पड़ मार दिया था। वहीं अब दोनों के बीच झगड़ा एक बार फिर बढ़ गया दोनों ने एक-दूसरे को धक्का दिया और तंज कसा। अरमान मलिक अपनी पतनी का बचाव करने के लिए झगड़े में कूद पड़े। जब वह शिवानी को फटकार रहे थे, तो विशाल पांडे ने अरमान को बीच में रोका और शिवानी कुमारी पर चिल्लाने से मना किया। इसके बाद अरमान और विशाल के बीच तीखी नोकझोंक हुई और अरमान ने विशाल पांडे को धक्का दे दिया। झगड़ा बढ़ता देख रणवीर शौरी ने बीच बचाव किया और बहस खतन करने के लिए कहा। बिग बॉस में हुए इस टास्क के बाद अरमान अपनी पतनी कृतिका मलिक और साई केतन राव के साथ लिविंग एरिया में बैठे थे। इस दौरान उन्होंने झगड़े को लेकर चर्चा की। अरमान ने कहा कि कैसे लड़ाई के दौरान उन्हें बॉडी शेमिंग कमेंट्स का सामना करना पड़ा और उनकी एजुकेशन का भी मजाक उड़ाया गया क्योंकि उन्होंने केवल 8वीं फेल हैं। कृतिका ने भी कहा कि कैसे उनके पति को ताना मारा गया कि वो इंग्लिश में टाइप नहीं कर सकते और 8वीं फेल हैं। अरमान इन कमेंट्स से काफी चिढ़ गए थे। भड़ास निकालते हुए उन्होंने कहा कि वो उन सभी को नौकरी पर रख सकते हैं जो उनकी पढ़ाई के लिए उनका मजाक उड़ा रहे हैं।

## कॉर्निया डैमेज होने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आई जैस्मिन भसीन, बताया अब कैसी है तबीयत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेत्री और बिग बॉस सीजन 14 में नजर आ चुकीं जैस्मिन भसीन को लेकर बीते दिनों एक खबर सामने आई थी, बातचीत की और अपनी हेल्थ का अपडेट भी दिया।जैस्मिन भसीन के फैंस के लिए एक राहत की खबर सामने आ रही हैं। जो पिछले एक हफ्ते से परेशान थे । एक्ट्रेस की



जिसे जानकर हर कोई हैरान था। एक्ट्रेस की आंखों में लेंस लगाने से गंभीर समस्या हो गई थी। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर खुद शेयर की थी और बताया था कि कॉनिन्या डैमेज नामक समस्या का सामना करना पड़ा। हालांकि, अब उनकी हालत पहले से काफी बेहतर है और बुधवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर भी स्पॉट हुई। इस दौरान उन्होंने पैपराजी से भी तबीयत अब पहले से काफी ठीक है । ब्वॉयफ्रेंड अली गोनी ने उनका बहुत अच्छे से ख्याल रखा और वक्त पर सारी दवाइयां भी दी। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का नया वीडियो सामने आया है । कॉनिन्या डैमेज होने के बाद पहली बार जैस्मिन भसीन को बुधवार सुबह-सुबह मुंबई के एयरपोर्ट पर पैपराजियों ने अपने कैमरे में कैद किया। इस दौरान एक्ट्रेस के चेहरे पर हंसी और ठीक होने खुशी साफ-साफ नजर आई। वीडियो में देख सकते हैं जैस्मिन अपनी कार से उतरती हैं। इस मौके पर पैपराजी ने उनसे पूछा कि अब वो कैसी हैं तो उन्होंने थम दिखाया और हंस पड़ी। आगे उन्होंने कहा पैपराजी को कहा कि उनकी तस्वीरे क्लिक करते हुए फ्लैश का इस्तेमाल न करें। एक्ट्रेस के लुक की बात करें तो उन्होंने पिंक और ब्लू कलर का कोर्ड सेट, स्लिप-ऑन और चेहरे पर काला चश्मा लगाया हुआ था। एक्ट्रेस की आंखों में दिक्कत होने के बाद उनका पूरा ख्याल उनके ब्वॉयफ्रेंड अली गोनी ने रखा। जैस्मिन ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अली की तारीफ भी की थी। बता दें, जैस्मिन भसीन 17 जुलाई को दिल्ली में आयोजित एक इवेंट में शामिल हुई थीं। इस इवेंट के लिए वह तैयार हो रही थीं और उन्होंने जैसे ही आंखों में कॉन्टैक्ट लैंस पहना, उन्हें जलन होने लगी। इसके बावजूद भी वह अपना वर्क कमिटमेंट पूरा करने में लगी रही। हालांकि, बाद में जब वह डॉक्टर को दिखाने गईं तो उनके कॉनिन्या खराब होने की बात सामने आई, जिससे उन्हें कुछ समय के लिए दिखना भी बंद हो गया था।

## सरफिरा के बाद अक्षय कुमार ने अपनी लगातार फ्लॉप होती फिल्मों पर तोड़ी चुप्पी, कहा ये दिल तोड़ने वाला है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार बॉक्स ऑफिस पर लंबे वक्त से असफलता का दौर देख रहे हैं। बीते साल आई उनकी लगभग सभी फिल्में फ्लॉप रही थीं। वहीं, साल 2024 में भी अब तक दो फिल्में रिलीज हो चुकी है, लेकिन कोई भी सक्सेस का स्वाद चख में अपने करियर में लगातार 16 फ्लॉप फिल्मों के बारे में बात की और बताया कि वे असफलताओं से कैसे निपटते हैं। उन्होंने कहा, ठहर फिल्म के पीछे बहुत सारा खून-पसीना और जुनून होता है। किसी भी फिल्म को असफल होते देखना दिल तोड़ने वाला होता है, लेकिन आपको सकारात्मक पहलू



नहीं पाया, जबकि दोनों ही बड़े बजट की फिल्में थी। अक्षय कुमार साल की शुरूआत में बड़े मियां छोटे मियां लेकर आए। ये फिल्म अनाउंसमेंट से ही चर्चा में बनी हुई थी, लेकिन रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर पड़ी।बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के बाद उनकी हालिया रिलीज सरफिरा भी बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई जिससे उनके फैंस के बीच निराशा का माहौल है। इस बीच अब खिलाड़ी कुमार ने अपनी फिल्मों की लगातार असफलता पर बात की है और उन्होंने इसे दिल तोड़ने वाला बताया। अक्षय कुमार की हाल ही में आई फिल्म सरफिरा ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। ऐसे में एक्टर ने फोर्ब्स इंडिया के साथ बातचीत भी देखना सीखना होगा। हर असफलता आपको सफलता का मूल्य सिखाती है और इसके लिए आपकी भूख को और भी बढ़ाती है।ठ उन्होंने आगे कहा, ठसौभाग्य से, मैंने अपने करियर में पहले ही इससे निपटना सीख लिया था। बेशक, ये आपको दुख पहुंचाता है और प्रभावित करता है, लेकिन इससे फिल्म की किस्मत नहीं बदलेगी। ये ऐसा कुछ नहीं है जो आपके नियंत्रण में हो... आपके नियंत्रण में जो है वो है कड़ी मेहनत करना, सुधार करना और अपनी अगली फिल्म के लिए अपना सब कुछ देना। इसी तरह मैं अपनी ऊर्जा को चैनल करता हूं और अगली फिल्म पर आगे बढ़ने की कोशिश करता हूं, अपनी ऊर्जा को उस जगह केंद्रित करता हूं जहां ये सबसे ज्यादा मायने रखती है।

## समंदर के पानी में यूं पोज देती नजर आई रवीना टंडन की बेटी राशा फैंस बोले- ऐसी खूबसूरती अब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।**रवीना टंडन इन दिनों अपने बच्चों के साथ इटली में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। इस उठाती नजर आईं। फोटोज में राशा नेचर का मजा लेते हुए सनबाथ करती हुई नजर आईं। उनकी ड्रेस के साथ सफेद कलर



बीच उनकी बेटी राशा भी वेकेशन से कई सारे फोटोज और वीडियो शेयर कर रही हैं जिसमें उनके हॉट और बोल्ड अवतार को देखा जा सकता है। इन तस्वीरों में राशा व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस में समुद्र किनारे खड़े होकर पोज देती नजर आईं। राशा के इस किलर लुक पर फैंस अपना दिल हार बैठे हैं। उन्होंने जो तस्वीरें शेयर की हैं वो उनके पूरे वेकेशन की एक झलक दे रही है। इनमें से कुछ तस्वीर वहां के स्ट्रीट व्यू की हैं। जबकि कुछ अन्य फोटोज में वो पानी में स्वीमिंग करती और उसका लुत्फ का चश्मा उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। राशा की इन तस्वीरों को देखकर लोग उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, 'पहाड़ों में भी ऐसी ब्यूटी नहीं है अब तो।' एक दूसरे यूजर ने कमेंट किया- 'हमेशा की तरह गाजिय्यस, ब्यूटीफुल क्वीन। लवली सुंदर प्रिंसेज।' तीसरे यूजर ने कमेंट किया, 'क्या खूबसूरती है।' बता दें कि राशा बहुत जल्द अजय देवगन और उनके भांजे अमन देवगन संग एक एडवेंचर मूवी में नजर आने वाली हैं।

## 'बैड न्यूज' के लिए शुभ रहा मंगलवार, 50 करोड़ की तरफ विक्की की मूवी ने लगाई छलांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म 'बैड न्यूज' को सिनेमाघरों में रिलीज था। खास बात ये है कि बैड न्यूज ने वर्किंग डेज पर भी अपनी पकड़ मजबूत बनाई हुई है।2023 के बाद 2024 भी प्रोफेशनल तौर पर विक्की देखते हैं आंकड़े- सोमवार के बाद अब मूवी के मंगलवार का कलेक्शन भी सामने आ चुका है। फिल्म ने पांचवें दिन क्या कमाल किया है,



हुए पांच दिन हो चुके हैं और करण जौहर को बॉक्स ऑफिस पर हर दिन गुड न्यूज मिल रही है। एमी और विक्की का ब्रोमांस लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। धीमी शुरुआत करने वाली रोमांटिक कॉमेडी मूवी ने वीकेंड पर रफ्तार पकड़ी थी। शनिवार और रविवार को भी मूवी का कलेक्शन अच्छा कौशल के लिए काफी अच्छा साबित हो रहा है। उनकी-तृप्ति डिमरी और एमी विर्क स्टारर फिल्म बैड न्यूज वीकेंड के बाद अब वर्किंग डेज पर भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। इस मूवी ने मंगलवार को भी अच्छी कमाई की है और 50 करोड़ कमाने की तरफ बढ़ चली है। अब तक कितना पहुंचा है फिल्म का कलेक्शन चलिए देखते हैं। बैड न्यूज की कहानी हैट्रोपैटरनल सुपरफेकंडेशन नामक मेडिकल कंडीशन पर आधारित है, जिसमें एक महिला दो अलग पुरुषों के जुड़वा बच्चों को जन्म देती है। इस दुर्लभ स्थिति को बड़े ही सरल अंदाज में विक्की कौशल-तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की फिल्म में दिखाया है। फिल्म की कहानी दर्शकों को पसंद आ रही है, जिसकी वजह से थिएटर वीकडेज पर भी भर रहे हैं। सोमवार को तकरीबन सिंगल डे पर 3.75 करोड़ तक का बिजनेस करने वाली इस मूवी का मंगलवार को कलेक्शन भी उतना ही रहा है।तरण आदर्श ने अपने एक्स अकाउंट पर जानकारी शेयर करते हुए बताया कि पांचवें दिन मूवी ने टोटल 3.80 करोड़ तक की कमाई कर ली है। कल्कि 2898 एडी के बाद अब लगता है कि हिंदी फिल्मों के अच्छे दिन आ चुके हैं, क्योंकि अब बैड न्यूज ने भी 50 करोड़ की तरफ अपने कदम बढ़ा दिए हैं। इस फिल्म ने पांच दिनों के अंदर टोटल 36.95 करोड़ रुपए करोड़ कमा लिए हैं और 50 करोड़ तक इसे पहुंचने के लिए अब महज इसे13 करोड़ की कमाई और करनी है। वहीं दुनियाभर में इस मूवी ने 60 करोड़ कमा लिए हैं। जिस रफ्तार से ये फिल्म दौड़ रही है, जल्द ही वर्ल्डवाइड 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी। विक्की कौशल की फिल्म के डायलॉग से लेकर गाने तक दर्शकों को बेहद पसंद आ रहे हैं।




# बसों का रूट डायवर्जन आज से, गोरखपुर का 12 तो वाराणसी का 28 रुपये बढ़ा किराया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** सावन में रोज हजारों कांवडि़ये प्रयागराज से गंगाजल लेकर वाराणसी जाते हैं। इसी वजह से प्रशासन जीटी रोड की एक लेन कांवडि़यों के लिए आरक्षित कर देता है। यहां से चलने वाली रोडवेज बसें भी झूंसी की जगह वाया फाफामऊ संचालित होती हैं। सावन शुरू होते ही सोमवार से प्रयागराज से वाराणसी, गोपीगंज, जौनपुर, आजमगढ़ और गोरखपुर आदि शहरों की दूरी बढ़ जाएगी। इन शहरों की ओर जाने वाली बसें प्रयागराज के शास्त्री पुल की जगह चंद्रशेखर आजाद पुल फाफामऊ होते हुए संचालित होगी। रोडवेज बसों के बदले रूट की वजह से प्रयागराज



से वाराणसी का साधारण बस से किराया 28 रुपये तो एसी बस से 37 रुपये बढ़ जाएगा। इसी तरह गोरखपुर का साधारण बस से 12 रुपये तो एसी बस से 14 रुपये बढ़ जाएगा। सोमवार से बसों का डायवर्जन शुरू हो जाएगा दरअसल, सावन में रोज हजारों कांवडि़ये प्रयागराज से गंगाजल लेकर वाराणसी जाते हैं। इसी वजह से प्रशासन जीटी रोड की एक लेन कांवडि़यों के लिए आरक्षित कर देता है। यहां से चलने वाली रोडवेज बसें भी झूंसी की जगह वाया फाफामऊ संचालित होती हैं। यह व्यवस्था सोमवार 22 जुलाई से 19 अगस्त तक रहेगी। फाफामऊ होकर जाने की वजह से वाराणसी, गोपीगंज, गोरखपुर, जौनपुर जाने वाली बसों की दूरी बढ़ जाएगी। इस वजह से इन मार्गों पर बसों का किराया रोडवेज ने बढ़ा दिया है। रोडवेज अफसरों के मुताबिक वाराणसी, गोपीगंज जाने वाली बसें सिविल लाइंस से फाफामऊ होकर सहसों हाईवे एवं वहां से जीटी रोड कछवा के रास्ते वाराणसी जाएंगी। वहीं, गोरखपुर रूट की बसें फाफामऊ से बादशाहपुर होते हुए गोरखपुर जाएंगी।

# राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगे बाइडन, बताएंगे आगे का प्लान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव इन दिनों सुखिर्यों में बना



हुआ है, हाल ही में जो बाइडन ने राष्ट्रपति चुनाव की रेस से हटने का एलान किया था। अब चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद बाइडन पहली बार राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस एलान के बाद से वो सार्वजनिक तौर पर सामने नहीं आए थे। आज वो संबोधन करने वाले हैं। संबोधन के दौरान वो राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने के अपने फैसले के बारे में बताएंगे और नवंबर के आम चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में अपनी डिप्टी कमला हैरिस का समर्थन करेंगे।जो बाइडन ने अभी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति की उम्मीदवारी से अपना नाम वापस ले लिया है।अपनी जगह उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी से कमला हैरिस का नाम राष्ट्रपति दौड़ के लिए आगे बढ़ाया था। आज व्हाइट हाउस से वो राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस दौरान वो कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी दी है बता दें कि आज शाम 8 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वह राष्ट्र को संबोधित करने वाले हैं। बाइडन ने मंगलवार को कहा, 'कल शाम 8 बजे ईटी (गुरुवार की सुबह स्थानीय भारत के समय) में मैं ओवल ऑफिस से राष्ट्र को संबोधित करूंगा और बताऊंगा कि आगे क्या होगा, वे ये भी बताएंगे कि आगे अमेरिकी लोगों के लिए काम कैसे पूरा करना है। इसके अलावा वो तमाम मुद्दों पर बात करेंगे। बाइडन ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के साथ सियासी हलचल तेज कर दी थी, जिसमें घोषणा की गई कि वह डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के नामांकन को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के नए उम्मीदवार के रूप में 59 साल की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन किया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।